कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 327, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 23 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### कोरोना के नए वैरिएंट के खिलाफ लड़ाई के एक्शन प्लान पर चर्चा हुई, लोगों से मास्क पहनने की अपील की

## कोविड: पीएम मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड-19 की स्थिति पर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और सभी राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिव शामिल हुए। इस दौरान कोरोना के नए वैरिएंट के खिलाफ लड़ाई के एक्शन प्लान पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में भीड़ भरे सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, टेस्टिंग बढ़ाने और जीनोमिक सीक्वेंसिंग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कमजोर और बुजुर्ग समूहों के लिए 'एहतियाती खुराक' को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस बीच यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब और तमिलनाडु ने भी कोरोना पर समीक्षा बैठकें बुलाई। दूसरी तरफ संसद में आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया देश में कोरोना के हालात को लेकर बयान दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने चीन और अमेरिका सहित कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वरन अय्यर सहित स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और अमरीका में कोविड के बढते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक की थी। विश्व के कुछ देशों में पिछले दिनों कोविड-19 के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस बैठक से ठीक पहले संसद के दोनों सदनों में बयान भी दिया। उन्होंने कहा कि देश में स्थिति नियंत्रण में है और वैश्विक स्थिति पर सरकार नजर बनाए हुए हैं। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसू ने कहा कि चीन में जोखिम के आकलन के लिए उनके संगठन को स्थिति की गंभीरता, अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या और आईसीयू की जरूरतों पर विस्तृत जानकारी चाहिए। उन्होंने चीन से अनुरोध किया है ।




### हवाई यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर संबंधी फॉर्म अनिवार्य करने की तैयारी

**नई दिल्ली:** चीन समेत अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय यात्रा से 72 घंटे पहले की गई आरटी-पीसीआर जांच की जानकारी भरने से जुड़े एयर सुविधा फॉर्म को फिर से अनिवार्य करने की तैयारी कर रहा है। यह नियम चीन और अन्य देशों (जहां कोरोन के मामले बढ़ रहे हैं) से आने वाले यात्रियों पर लागू होंगे। फॉर्म में कोरोना जांच रिपोर्ट के साथ पूर्ण टीकाकरण प्रमाण की जानकारी भी भरनी होगी। दरअसल, चीन और कुछ अन्य देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर देश में कोविड की स्थिति की समीक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक हुई थी। इसके बाद सूत्रों ने बताया था कि दुनिया के कुछ हिस्सों में मामलों में हाल में हुई वृद्धि के कारण चीन और अन्य देशों से आने वाले यात्रियों के लिए हवाई अड्डों पर यात्रियों की रैंडम जांच की जाएगी। अब बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय यात्रा से 72 घंटे पहले की गई।

### चीन से गुजरात आए कारोबारी कोरोना पॉजिटिव

**भावनगर: चीन** में कोरोना ने कहर बरपा रखा है। इसी बीच चीन से लौटे गुजरात में भावनगर शहर के एक कारोबारी की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। कारोबारी की रैपिड टेस्ट के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। अब सैंपल सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए गांधीनगर भेजा गया है। युवक के संपर्क में आए लोगों को भी क्वारैंटाइन कर दिया गया है।


चीन से लौटने के बाद कारोबारी की रिपोर्ट: भावनगर नगर निगम के कमिश्नर उपाध्याय ने बताया कि कोविड संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पिछले 21 दिनों में कोविड का कोई पॉजिटिव केस नहीं आया था। लेकिन, बुधवार को चीन से लौटे एक कारोबारी की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें क्वारंटीन कर इलाज शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उनके संपर्क में आए लोगों व उनके परिजनों का भी टेस्ट कराया गया है।

भावनगर को दिए गए टेस्ट की संख्या बढ़ाने के निर्देश: मौजूदा स्थिति को देखते हुए भावनगर के नगर आयुक्त ने शहर में टेस्ट की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में रोजाना करीब 100 टेस्ट हो रहे हैं, इसमें बढ़ोतरी की गई है। पीएचसी और सूरती अस्पताल में मुफ्त में जांच की जा रही है।

गुजरात सरकार तैयारियों में जुटी: चीन में बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकारें सतर्क हो गई हैं। गांधीनगर में स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

## पड़ोसी लगातार अस्थिर व अनिश्चित बना हुआ है: वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली:** चीन व पाकिस्तान के साथ लगातार तनाव के बीच एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी लगातार अस्थिर व अनिश्चित बना हुआ है, ऐसे में हमें परस्पर विश्वास करने वाले व समान मूल्यों वाले देशों के साथ मिलकर सामूहिक ताकत बढ़ाना चाहिए। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में वायु सेना प्रमुख चौधरी ने कहा कि परस्पर लाभकारी संबंधों और रणनीतिक साझेदारी के लिए हमें एक स्थिर देश के रूप में अपनी छवि का इस्तेमाल करना चाहिए। इस साझेदारी का पर्याप्त आर्थिक महत्व होना चाहिए। यह जरूरी है कि हम अपनी सामरिक स्वायत्तता को बरकरार रखें। इसके लिए अमेरिकी विचारक जॉन मियरशाइमर द्वारा प्रतिपादित संतुलन की रणनीति पर आगे बढ़ा



### सीमा पर तनाव के बीच भारत-चीन की हुई बैठक

**नई दिल्ली:** अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में भारत और चीन सैनिकों के बीच हुई झड़प के करीब 10 दिन बाद दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सीमा के पश्चिमी सेक्टर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखने के संबंध में विचार-विमर्श किया। रक्षा और विदेश मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया कि भारत और चीन कोर कमांडर स्तर की बैठक का 17वां दौर 20 दिसंबर को चुशुल-मोल्दो सीमा बैठक बिंदु पर चीनी पक्ष में आयोजित किया गया।

## अब रात में भी चलेंगी यूपी रोडवेज की बसें



**गोरखपुर:** यूपी रोडवेज की बसों से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रोडवेज बसों की रात्रि बय सेवा पर लगी रोक हटा ली गई है। दो दिन पहले शासन ने रात्रि बस सेवा पर रोक लगाई थी। शासन ने निर्देश जारी किया था कि शाम 7 बजे से सुबह 8 बजे तक रोडवेज की बसें नहीं चलेंगी। लेकिन, यात्रियों की दिक्कत को देखते हुए 48 घंटों के अंदर यह फैसला वापस ले लिया गया। हालांकि, नए नियम के तहत अब अगर रास्ते में कोहरा मिली तो नजदीकी बस डिपो, पेट्रोल पंप और टोल प्लाजा पर बसें खड़ी कर दी जाएंगी। लेकिन, कोहरा छटते ही बसें फिर चलेंगी।

**यात्रियों को सहुलियत को देखकर लिया गया फैसला:** गोरखपुर रीजन के रीजनल मैनेजन पीके तिवारी ने बताया, "ठंड के मौसम में बढ़ते कोहरे को देखते हुए पहले निर्णय लिया गया था कि शासन के निर्देश पर रोडवेज की बसें रात में नहीं चलेंगी। लेकिन, अब इस फैसले को वापस ले लिया गया है। ताकि यात्रियों को किसी तरह की समस्या न होने पाए।"

**यात्रियों को सफर से पहले देंगे जानकारी:** आरएम ने बताया, लंबी दूरी पर चलने वाली बसों के यात्रियों को सफर से पहले ही इस बात की जानकारी दे दी जाएगी कि रास्ते में कोहरा मिलते ही बस रोक दी जाएगी। रास्ते में पेट्रोल पंप या टोल प्लाजा पर बसें खड़ी कर दी जाएंगी। ताकि यात्रियों को कोई दिक्कत न हो। सुबह कोहरा कम होने के बाद ही दोबारा बस चलाई जाएगी। इसके बाद इच्छुक यात्रियों को ही रोडवेज बसों में सफर करने की इजाजत दी जाएगी। ताकि सफर के दौरान वे रास्ते में किसी तरह का हंगामा न करें।

## विमान में सिखों के कृपाण ले जाने की अनुमति के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली: दिल्ली** हाई कोर्ट ने घरेलू टर्मिनलों से संचालित होने वाली भारतीय उड़ानों और एयरपोर्ट पर तैनात सिख कर्मचारियों को तय सीमा की कृपाण ले जाने की इजाजत के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया। 15 दिसंबर को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका में कहा गया था कि इस तरह की अनुमति हवाई यात्रा करने वालों के लिए खतरे की वजह बन सकता है। याचिका में ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के 4 मार्च और 12 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि ये आदेश हवाई यात्रा की सुरक्षा में सेंध लगाने के समान है। इस आदेश में कहा गया है कि कृपाण की कुल लंबाई 9 इंच से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आदेश में कहा गया है कि कृपाण के ब्लेड की कुल लंबाई 6 इंच से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## दिशा मर्डर: आदित्य ठाकरे का हो नार्को टेस्ट : नितेश

**मुंबई:** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की मौत पर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। भाजपा नेता नितेश राणे ने इस मामले में आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट करवाने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को सदन में यह मुद्दा उठाया, जिसके बाद विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। राणे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिशा सालियान की मौत का सच सामने आने दीजिए। पोस्टमॉर्टम की फाइनल रिपोर्ट और पूरी किताब के पन्ने अभी मिलने बाकी हैं। इस केस में आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। फिर श्रद्धा मर्डर केस के जैसे दिशा की मौत का सच भी सामने आ जाएगा।



**मुंबई पुलिस के पास है केस:** बीजेपी विधायक ने कहा कि अभी यह मामला मुंबई पुलिस के पास है, लेकिन सीबीआई जांच नहीं कराई गई है। मैं सीएम से इसकी जांच कराने का अनुरोध करूंगा। मुझे समझ नहीं आता कि सुशांत राजपूत मौत मामले में आदित्य ठाकरे का नाम ही क्यों लिया जा रहा है।

**शिंदे गुट के विधायक ने संसद में उठाया मुद्दा:** राणे के अलावा शिंदे गुट के शिवसेना सांसद राहुल शेवाले ने संसद में भी बुधवार को इस मुद्दे को उठाया था। शेवाले ने कहा कि सुशांत की मौत से पहले रिया चक्रवर्ती को अव नाम से सेव नंबर से 44 कॉल आए थे। रिया चक्रवर्ती की लीगल टीम ने अव को अनन्या उदास बताया था, लेकिन बिहार पुलिस की जांच में अव का मतलब आदित्य उद्धव ठाकरे था। नितेश राणे ने पूछा, फिर इस मामले में जांच अधिकारी क्यों बदले गए। बता दें कि राहुल एक समय में मातोश्री के खास थे। हालांकि आदित्य ठाकरे ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

## बिहार पर की गई विवादित टिप्पणी को पीयूष गोयल ने लिया वापस

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बिहार पर की गई एक विवादित टिप्पणी को आज राज्यसभा में वापस ले लिया, जिस पर विपक्षी दल के नेता ने उनसे माफी की मांग की थी। राज्यसभा में गोयल ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनका बिहार और बिहार के लोगों का अपमान करने की कोई मंशा नहीं थी। अगर इससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है वह तुरंत अपने वक्तव्य को वापस लेते हैं।


गोयल ने मंगलवार को राजद सांसद मनोज झा के महंगाई और अर्थव्यवस्था पर बोलने के दौरान यह विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि इनका बस चले तो देश को बिहार बना दें। इस पर मनोज झा ने त्वरित आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि यह बिहार का अपमान है। उन्होंने कहा कि वह हाथ जोड़कर विनती करते हैं कि बिहार पर इस तरह की टिप्पणी ना करें। बिहार के सांसदों ने गोयल के इस बयान को बिहार को छोटा करके दिखाने वाला बताया था। आज सुबह गांधी प्रतिमा के निकट राजद और अन्य सांसदों ने इसके खिलाफ नारेबाजी की थी।



## 'अमेरिका भारत के साथ खड़ा'

**वाशिंगटन:** चीन के साथ भारत के बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका खुलकर भारत के साथ खड़ा दिख रहा है। भारत और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों की बातचीत में अमेरिका ने भारत की तारीफ करते हुए चीन को घेरा। साथ ही दोनों देशों के बीच सैन्य संबंध और गहरे करने की बात कही गयी। अमेरिकी सेना के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल मार्क ए माइली और उनके भारतीय समकक्ष जनरल अनिल चौहान के बीच बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा माहौल पर चर्चा हुई। दोनों सैन्य अधिकारियों ने एक दूसरे के साथ सैन्य स्थितियों के आंकलन साझा किये और भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। अमेरिकी ज्वाइंट स्टाफ के उप प्रवक्ता जोसेफ आर होलस्टेड ने बातचीत की जानकारी देते हुए बताया कि प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका और भारत ने मजबूत सैन्य संबंधों को साझा किया। अमेरिका की ओर से कहा गया कि भारत मुक्त हिंद-प्रशांत को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत को एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति करार देते हुए अमेरिका की ओर से कहा गया कि भारत एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। अमेरिका, भारत और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य पैंतरेबाजी से चिंतित हैं। चीन की इस मनमानी की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, खुले और संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

अमेरिका की ओर से यह चिंता भी जाहिर की गयी है कि चीन लगातार विवादित दक्षिण चीन सागर पर दावा कर रहा है। हालांकि ताइवान, फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम सभी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं।



### कोरोना के खतरे को लेकर दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार: केजरीवाल

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार कोरोना की अगली लहर के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने कोरोना के बढ़ते खतरे को लेकर कैबिनेट के साथ बैठक की थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि कोराना की अगली लहर की दस्तक की स्थिति में दिल्ली सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने के साथ-साथ एंबुलेंस भी संख्या बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा लोगों को बूस्टर डोज लगवाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

### नए वैरिएंट पर रखें नजर, पॉजिटिव केस की कराएं जीनोम सिक्वेंसिंग

## घबराना नहीं है लेकिन कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा : योगी

**लखनऊ:** दुनिया में कोविड का खतरा बढ़ता देख उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शासन की महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान एक भी कोरोना का नया केस नहीं आया है। बावजूद इसके हमे पूरी सतर्कता बरतनी होगी। भीड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क के लिए जागरूक करें, नए वैरिएंट पर नजर रखें, हर पॉजिटिव केस की जीनोम सिक्वेंसिंग कराएं, कोविड टेस्टिंग और टीके की प्रीकॉशन डोज बढ़ाने समेत अधिकारियों को अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड प्रबंधन के लिए गठित उच्चस्तरीय टीम-09 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई देशों में विगत एक सप्ताह से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है लेकिन उत्तर प्रदेश में स्थिति सामान्य है। दिसम्बर माह में प्रदेश की कोविड पॉजिटिविटी दर 0.01 प्रतिशत रही है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 62 है। विगत 24 घंटों में 27 हजार 208 हजार टेस्ट किए गए। इसमें से एक भी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई। इसी अवधि में 33 लोग उपचारित होकर कोरोना से मुक्त भी हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में कोविड से बचाव के लिए ट्रेस, टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका की रणनीति सफल सिद्ध हुई है। संभव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोतरी हो, ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा। अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को एक्टिव करें।



## रोजगार मेला के जरिए 1.47 लाख लोगों को

**नई दिल्ली:** रोजगार मेला कार्यक्रम के जरिए 1.47 लाख लोगों को देशभर में रोजगार मिले हैं। सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी है। व्याख्याता, आईटी इंस्पेक्टर, मल्टी टास्किंग स्टाफ, बैंकिंग क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मुहय्या कराए गए। केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में जानकारी देते हुए बताया, 'रोजगार मेला कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किए जा रहे हैं और अब तक विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू)/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि द्वारा लगभग 1.47 लाख नए लोगों को शामिल किया गया है।'

विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को मिली नौकरी: मंत्रालय के अनुसार, कांस्टेबल, शिक्षक, लेक्चरर, नर्स, नर्सिंग ऑफिसर, डॉक्टर, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर और अन्य तकनीकी और पैरामेडिकल पद, सब इंस्पेक्टर, लोअर डिविजनल क्लर्क, स्टेनो, पर्सनल असिस्टेंट, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, ग्रामीण डाक सेवक, मल्टी टास्किंग स्टाफ जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मेला के आयोजन के जरिए नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा, 'रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। जब तक विभाग द्वारा रिपोर्ट की गई रिक्तियों को भरा जाता है, तब तक कुछ नई रिक्तियां उत्पन्न हो जाती हैं।'

**रोजगार मेला के जरिए लोगों को मिलती रहेगी नौकरियां:** सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति, इस्तीफे, मृत्यु, पदोन्नति आदि के कारण रिक्तियां होती हैं। उन्होंने आगे जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्रालय/विभाग/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम।

## खबर संक्षेप

### जहर डाल कर फसल नष्ट करने पर चार पर मुकदमा

**मऊआइमा।** शरारतन कतिपय लोग सरसों के खेत में जहर डाल कर फसल को नष्ट कर दिए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी गुलजार अली पुत्र अनवर अली का कहना है कि उसका खेत ग्राम मलखानपुर में है। जिसमें वह सरसों की बोआई किए हुए है। गुलजार अली का आरोप है कि कतिपय शरारती तत्वों ने जान बूझ कर उसकी सरसों के खेत में जहर डाल कर फसल को नष्ट कर दिए। गुलजार अली ने मऊआइमा थाने में अमर सिंह ,सीता देवी ,राजेश कुमार, महाजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

### लाइन काट कर कालेज परिसर से ट्रांसफार्मर हुआ चोरी

**करछना।** थाना के अन्तर्गत झीरी लच्छीपुर में स्थित ईश्वरजन डिग्री कालेज परिसर मे लगा बिजली सप्लाई के लिए 25 केवीए का ट्रांसफार्मर अज्ञात चोरों द्वारा सप्लाई का तार काटकर ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया गया।जिसकी जानकारी सुबह कालेज खुलने पर कालेज के प्रबन्धक शैलेन्द्र कुमार शर्मा को हुई तो थाने पहुँचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की मांग की।

### संत की कुटिया में लगी आग

**झूंसी।** संदिग्ध परिस्थिति में एक संत की कुटिया में बुधवार की देर रात आग लग गई। सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक आग पर काबू पाई तब तक कुटिया का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। पुरानी झूंसी हवेलियां उल्टा किला के पास मौनी बाबा के कुटिया है। बुधवार की देर रात मौनी बाबा की कुटिया में आग लग गई। आग में कुटिया में रखा सारा सामान जल गया। जिसमें खाने पीने की सामग्री के साथ पूजा की सामग्री व नगदी भी थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# पिकअप की टक्कर से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत प्रयागराज गोरखपुर मार्ग पर सहसों बाईपास के इनायतपुर गांव के सामने गुरुवार को दोपहर 70 वर्षीय वृद्ध की सड़क पार करते समय पिकअप की टक्कर से तत्काल मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे राम लखन 70 वर्षीय पुत्र नोहा निवासी महमदपुर कटियाही थाना थरवई गुरुवार को घर से बैंक के काम के लिए सहसों आया हुआ था। परन्तु सहसों के ही इनायतपुर गांव में अपने रिश्तेदार के यहां चला गया वहां से हालचाल लेकर रामलखन पैदल ही बैंक के लिए चल दिया। जैसे ही वह प्रयागराज गोरखपुर मार्ग को पार कर रहा था कि उसी समय तेज रफ्तार प्रयागराज की तरफ से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें राम लखन की तत्काल ही मौत हो गई। घटना को देख आसपास स्थित



घटनास्थल पर परिजन व लोगों की भीड़ तथा इन्सेट में मृतक राम लखन की (फाइल फोटो)

स्थानीय लोगों ने दौड़कर वृद्ध के पास पहुंचकर परिजनों को जानकारी देते हुए सहसों पुलिस को भी सूचना दे दिया। जानकारी मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। सहसों पुलिस मौके पर पहुंचकर उचित लिखा पढ़ी करते हुए लाश को सील कर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया।

## शौचक्रिया के लिए निकले युवक का कुएं में गिर कर मौत

मेजा रोड । प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के मेड़रा गांव में सुबह शौच क्रिया के लिए निकले युवक का कुएं में गिरने से मौत हो गई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है ।मिली जानकारी के अनुसार मेड़रा टेमई का पूरा गांव निवासी गणेश पटेल (40) पुत्र स्वर्गीय मटरू पटेल गुरुवार सुबह शौच क्रिया के लिए खेत की ओर निकला थे अंधेरा होने के कारण वह गांव के बाहर खुले कुए में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गई काफी देर न लौटने पर परिजन परेशान हो उठे तलाश किया तो कुएं में उनका शव पाया गया घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं युवक की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### शादी का झांसा देकर युवती से करता रहा बलात्कार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शादी का झांसा देकर युवक युवती के साथ बलात्कार करता रहा। शादी का दबाव बनने पर युवक इंकार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। युवती ने युवक के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस युवती का मेडिकल चेकअप के लिए भेज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। मऊआइमा कस्बा के निवासनीय एक युवती का कहना है कि उसकी चचेरी बहन की शादी मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय बादशाह कुली छोटी मदारी में हुई है। युवती का आरोप है कि मदारी गांव का एक युवक से उसका प्रेम हो गया तो वह शादी करने की बात कह कर उसके साथ बराबर शरीरिक सम्बंध बनाने लगा। आरोप है कि वह अक्सर आता जाता रहा और बडे बडे सपने देखा कर आबरू लूटता रहा। युवती ने जब शादी की बात कही तो युवक टाल मटोल करता रहा। शादी की जिद करने पर युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। युवती ने मऊआइमा थाने में सराय बादशाह कुली छोटी मदारी निवासी अजय कुमार गौतम पुत्र रामसजीवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस पीडिता का मेडिकल चेकअप के लिए भेज कर। आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा...

### टीएलएम प्रथम कार्यशाला का हुआ समापन



**घूरपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जसरा में तीन दिवसीय टी एल एम निर्माण कार्यशाला के प्रथम बैच का समापन बुधवार को हुआ साथ ही दूसरे बैच का प्रारम्भ गुरुवार को हुआ! निपुण भारत के अंतर्गत शिक्षकों को टी एल एम निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया जिससे टी एल एम के द्वारा सरल और रूचि पूर्ण तरीके से शिक्षक अपने अपने स्कूलो मे बच्चों को पढ़ाये! प्रथम बैच मे 51 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया! 9 संदर्भ दाताओ के द्वारा शिक्षकों को पपेट निर्माण, मास्क निर्माण, लोगोग्राफिक पथन, चरण बद्धता, चित्र कहानी बुक, तुकांत शब्द चार्ट, आदि सिखाया गया! दूसरे सत्र के प्रशिक्षण की शुरूआत बी इ ओ अखलेश बर्मा के सरस्वती माता के चित्र पूजन के साथ हुआ साथ ही उन्होंने कहा टी एल एम के द्वारा बच्चे जल्दी सीखते है आप सभी अपने विद्यालयों मे टी एल एम बनाकर बच्चों को पढ़ाये सत्र का संचालन आशीष जायसवाल व राजेश्वर मिश्रा ने किया इस अवसर पर संदर्भ दाता अलका शर्मा, बेगम, निधि श्रीवास्तव, अभिनव उपाध्याय, मुकेश, विनीत और विनय सहित समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे!

### जंघई में छापेमारी एवं सर्वे से व्यापारियों में दहशत एवं आक्रोश



**जंघई।** पूरे प्रदेश में जीएसटी विभाग द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी एवं सर्वे से व्यापारी वर्ग दहशत एवं आक्रोश मे हैं। जीएसटी के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का शोषण एवं उत्पीड़न चरम पर है।व्यापारियों का कहना है कि अपनी लड़ाई है स्वयं की रक्षा खुद से करनी होगी, अगर हम आज विरोध के लिए इकट्ठे नहीं होंगे तो अन्य विभागों द्वारा भी बारी बारी से उत्पीड़न शुरू होगा।अतः यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपनी एकता का प्रदर्शन हम सभी करें।जंघई के व्यापारी अपनी दुकान बंद करके इधर उधर घूम रहे हैं अपनी दुकानदारी नहीं कर पा रहे हैं जिससे दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है।

### जल निगम की पाइप टूटने से सड़कों पर बह रहा पानी



**जंघई।** जंघई बाजार हंडिया रोड पर भारतीय स्टेट बैंक के पहले जल निगम की मुख्य पाइप दो महीने से टूटी हुई है। भाजपा नेता कुलदीप जायसवाल ने बताया कि मैंने 1076 नंबर पर फोन करके शिकायत दर्ज करवाया एवं जेई से बात किया लेकिन टूटी फूटी पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो रही। पानी की सप्लाई होने पर पानी सड़कों पर फैल जाता है लोग फिसलकर गिरकर चुटहिल हो रहे हैं आवागमन बाधित हो रहा है इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो रही जिससे आमजन आक्रोशित हैं।

### वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति सुरेंद्र कुमार शुक्ला का निधन



**जंघई।** बभनियांव, जंघई निवासी वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति सुरेंद्र कुमार शुक्ला फकड़ू जी के मुंबई में आकस्मिक निधन पर क्षेत्रवासियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। परिजनों में वीरेंद्र कुमार शुक्ला मालिक, नरेंद्र शुक्ला, महेंद्र शुक्ला, राकेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, भूपेश शुक्ला, मिथिलेश, नीलेश, अमरेश, अमित, देवेश, सुमित, पीयुष, राज, अंकित, आदर्श, सिद्धार्थ आदि लोग मौजूद रहे।

### बीआरसी मऊआइमा में प्रथम दिन हुआ टीएलएम प्रशिक्षण



**मऊआइमा।** मऊआइमा के हरिसेनगंज स्थित बीआरसी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी ममता सरकार द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया । खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि टीएलएम प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक बच्चों में भाषा व गणित में विकास होगा। अलग अलग टीमों द्वारा स्टोरी कार्ड, पिक्चर कार्ड, चित्रकार्ड समेत अन्य चीजों की प्रशिक्षक श्वेता सिंह, शिल्पी सिंह, रंजना सरोज ,पुष्पा प्रजापति के नेतृत्व में प्रदर्शनी लगाई गई । इस मौके पर कृति कला गुप्ता , सुनील सरोज ,अमिता त्रिपाठी, दिलीप ,अजीत ,गेदी, राजेंद्र ,नरेंद्र पाल अंकुश समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं ।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख ने वितरित किया छात्र-छात्राओं को टैबलेट




**मऊ आइमा।** मऊआइमा के कटरा दयाराम बागी स्थित विद्यावती देवी कॉलेज में सरकार के निर्देशन में टैबलेट का वितरण किया गया। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व ब्लाक प्रमुख व योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर मौर्या रहे । छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार लगातार गरीब जनता के हक के लिए काम कर रही है । डिजिटल युग में बच्चों को डिजीटल तरीके से जुड़ने के लिए टैबलेट व लैपटॉप का वितरण भी कराया जा रहा है । इस मौके पर प्रबंधक अभिशांत पांडेय , शिक्षक मुकेश चौधरी, शगुफ्ता इनायत ,मृदुला यादव, शिवम त्रिपाठी ,आर यस वर्मा, अशोक त्रिपाठी ,एके सिंह, ऋषि प्रजापति ,रोहित पटेल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर सुजौना के बच्चों ने दिखाए जौहर

## कक्षा 4 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए गणित प्रश्नोत्तरी का किया गया आयोजन परीक्षा में कुल 200 बच्चों ने उत्साह पूर्वक किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

**बारा।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड जसरा अंतर्गत संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना में राष्ट्रीय गणित दिवस पर कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के छात्र एवं छात्राओं के लिए गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 200 बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। अलग-अलग कक्षाओं के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र दिए गए। हर कक्षा में प्रथम पांच स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य आयोजनकर्ता विद्यालय के सहायक अध्यापक अमरदीप चौधरी रहे। प्रधानाध्यापिका मीना दास, श्यामा कांत द्विवेदी, भारतेन्दु त्रिपाठी, नाजिया सुलताना, जितेंद्र कुमार शर्मा, शिशिर जायसवाल अरविंद सिंह, राकेश कुमार, पूनम तिवारी, पंकज गुप्ता ने शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने में प्रतिभाग किया।



### आशुतोष मेमोरियल स्कूल में गणित प्रतियोगिता का आयोजन

**हनुमानगंज।** भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में मनाए जा रहे राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गुरुवार को आशुतोष मेमोरियल स्कूल धनैचा मलखानपुर में गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आशुतोष मेमोरियल के विद्यार्थियों के अलावा एसएनटी पब्लिक स्कूल, प्रियदर्शनी पब्लिक स्कूल, महर्षि दुवार्सा इंटर कॉलेज एवं मोतीलाल नेहरू इंटर कॉलेज के कुल 304 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा तथा सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। आशुतोष मेमोरियल स्कूल में आयोजित अपने ढंग की अनोखी प्रतियोगिता के प्रति विद्यार्थियों में उल्लेखनीय उत्साह दिखाई दिया। सभी विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों ने भी आयोजन की प्रशंसा की।

### गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 135वीं जयंती मनाई गई

**झूंसी।** सरायतकी स्थित सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणित दिवस पर विद्यार्थियों ने जाना कि गणित में संख्याओं का खेल कैसे खेलते थे गणितज्ञ श्रीनिवासा रामानुजन। गणित दिवस का आयोजन कक्षा 6 इंग्लिश मीडियम के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 6 की छात्रा साक्षी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की सहप्रबंधक डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी व प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने भगवान श्री गणेश और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया। इंग्लिश मीडियम के छात्र श्रेयांश यादव और आयुष मिश्रा ने श्रीनिवासा रामानुजन के जीवन और गणित में योगदान पर प्रकाश डाला। कक्षा 10 इंग्लिश मीडियम की छात्रा खुशी दुबे और कक्षा 6 की स्वाति मिश्रा ,अंशिका, श्रुति यादव और साक्षी पाल ने मेरे श्रीनिवासा रामानुजन के गीत पर डांस प्रस्तुत किया। गणित के शिक्षक जयद्रथ ने श्रीनिवासा रामानुजन के गणितशास्त्र में योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने सभी अध्यापकों बधाई दी ।

# शिक्षा ही बनाती है सामाजिक प्राणी : रजनी त्रिपाठी





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** गुरुवार को रानी देवयानी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। चीफ गेस्ट रजनी त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि एसडीएम बारा सुदन अब्दुल्लाह,जीजीआईसी प्रयागराज की पूर्व प्रिंसिपल इंदू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की।तत्पश्चात बच्चों के एक से एक बढ़कर कार्यक्रम की सभी ने तारीफ की बतौर मुख्य अतिथि शंभूनाथ इंस्टीट्यूट (लॉ फैकल्टी) की प्रिंसिपल रजनी त्रिपाठी ने कहा, बच्चों में प्रतिभा कूट-कूटकर भरी होती है। जरूरत होती है उसे तराशने की, निखारने की और बच्चों को यह आभास कराने की, कि वह भी कुछ कर सकते हैं। चीफ गेस्ट ने कहा, यहां के बच्चों ने नृत्य, गायन, अभिनय के जरिए बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। निश्चित रूप से यह विद्यालय बच्चों की तालीमी परवरिश पर काफी मेहनत कर रहा है।मुख्य अतिथि ने कहा, शिक्षा केवल जीविकोपार्जन का साधन ही नहीं, बल्कि हमें अच्छा इंसान बनाती है। जीवन में अगर ऊंचाई पर पहुंचना है तो सभी का सम्मान करना पड़ेगा। विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रबंधक अनय प्रताप सिंह ने कहा कि इस संस्था की शुरूआत साल 2005 में चंद बच्चों से की गई थी, लेकिन आज इस विद्यालय से निकले बच्चे समाज में अपना और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। कहा, महज दर्जनभर बच्चों से शुरू हुआ यह विद्यालय आज एक हजार से ज्यादा बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, अभिभावकों का विश्वास ही हमारी धरोहर है, जिसे बनाए रखने के लिए हम जी-जान से प्रयत्नशील हैं। प्रबंधक ने स्कूल की दो हेड मिस्ट्रेस विनीता श्रीवास्तव और शीतल सिंह की भी तारीफ की, जिनकी बदौलत स्कूल निरंतर आगे बढ़ रहा है।इसके पूर्व बच्चों ने स्वागत गीत, स्वागत भाषण दिया। छात्राओं के ग्रुप ने गोलमाल फिल्म के गाने पर मनमोहक नृत्य किया। इसके बाद एकांकी, कव्वाली, गजल, डांडिया, भजन, भाषण जैसे तमाम कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह का समापन राष्ट्रगान से किया गया। समारोह की अध्यक्षता नारसिंह सोलंकी कामदार साहब ने की। संचालन प्रिया शुक्ला और पुष्पेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर युवराज शिवेंद्र प्रताप सिंह, शोभनाथ शुक्ला, हेड मिस्ट्रेस (पीएस) विनीता श्रीवास्तव, यूपीएस की हेड मिस्ट्रेस शीतल सिंह, गोरेलाल सिंह, गुलाब सिंह, राम सिंह, अनूप केसरवानी, दिनेश सिंह, पंकज सिंह, अनुभव सिंह, इसरार अहमद, नीलम सिंह, सावित्री, विनोद सिंह, पूनम, संदीप सिंह समेत तमाम लोग रहे।

# पावरलूम बुनकर एसोसिएशन की शिकायत पर कस्बा के जे ई हुए निलंबित

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के अवर अभियंता कि शिकायत पावरलूम बुनकर एसोसिएशन ने आला अधिकारियों से की थी। महीनों चली जांच के बाद अवर अभियंता को भ्रष्टाचार, उपभोक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न का आरोप सही पाए जाने पर प्रबन्ध निदेशक ने निलंबित कर बस्ती से सम्बद्ध कर दिया है। नये जेई ने चार्ज ले लिया है। मऊआइमा कस्बा के मऊदोस्तपुर उप खंड के अवर अभियंता प्रमोद सरोज काफी समय से मऊआइमा में तैनात थे। वह उपभोक्ताओं का नाना प्रकार का उत्पीड़न करने एंव बिल जमा होने के बावजूद मीटर कम चलने आदि का बहाना बना कर केबिल काट ले जाते थे। और उपभोक्ताओं को बिना सूचना के चेकिंग के नाम पर घरों में घुस कर महिलाओं से अभद्रता करते थे। अवर अभियंता की शिकायत पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ने आला अधिकारियों से लिखित रूप की थी। कई महीने तक चली जांच में अवर अभियंता पर भ्रष्टाचार ,,उपभोक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न ,एंव बिजली चोरी में संलिप्त होकर ,राजस्व की हानि पहुंचाने ,कर्मचारी आचरण विभागीय अनुशासनहीनता ,बरतने एंव विभाग की क्षवि धूमिल करने के प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। जिसपर शम्भू कुमार प्रबंध निदेशक पूर्वांचल विधुत वितरण डिस्काम मुख्यालय वाराणसी ने प्रमोद कुमार को निलंबित करते हुए। बस्ती क्षेत्र से सम्बद्ध कर दिया है। गुरुवार को नये जे ई संतोष कुमार यादव ने चार्ज भी ले लिया है। अवर अभियंता के निलंबन पर पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब अंसारी ,दानिश ,सलीम ,शौकत अली ,शाहिद अख्तर ,फारूक अंसारी ,रईस अहमद आदि ने प्रसंशा व्यक्त करते हुए आला अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त की है। पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के इस सरहनीय कार्य के लिए विशेष कर गरीब बुनकरों, घरेलू उपभोक्ताओं ने खुशी का इजहार व्यक्त किया है।

# निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश



**जारी।** क्षेत्र में दिन गुरुवार को वर्मा डेण्टल क्लीनिक द्वारा जारी बाजार (बैंक ऑफ बड़ौदा) के सामने निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का दीप प्रज्वलित जारी ग्राम प्रधान रेनू बिहारी जायसवाल ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में गाँव की आवाज पत्रिका के सम्पादक एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञान भूषण सम्मान प्राप्त विजय चितौरी जी को शिविर का आयोजक डॉ सुबेन्द्र वर्मा द्वारा माल्यार्पण व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।डॉ सुबेन्द्र वर्मा द्वारा शिविर की जानकारी देते हुए बताया गया ये शिविर क्षेत्र की जनता को दांत संबंधित समस्त रोगों के कारण व निवारण के बारे मे जागरूक करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया लोगो को ब्लड प्रेशर डायबिटीज एवं दांत दर्द जैसे रोगों का नि शुल्क जांच व दवा वितरण किया गया। मुख्य रूप से जंगबहादुर ,सिंह ,ओंकार नाथ सिंह ,धनंजय सिंह ,फूलचंद पटेल, प्रधानाचार्य सविता मिश्रा, विनोद शुक्ला, विनोद केसरवानी ,विकास गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, रोहन केसरवानी ,बबलू केसरवानी, आनंद जायसवाल, मुकेश सिंह, कमलापति त्रिपाठी, विजय शंकर शुक्ला, केके मिश्रा, विकास सिंह ,बेचन लाल ,राजेंद्र पटेल,सोनू सिंह , समेत अन्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन गोविंद सिंह ने किया।

### औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस आयुक्त प्रयागराज कमिश्नरेट रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर सौरभ दीक्षित के निर्देश व सहायक पुलिस आयुक्त करछना के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त ज्ञान प्रकाश विन्द पुत्रशंकर लाल निवासी बलवट थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अबैध कच्ची देशी शराब बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### ट्रांसफार्मरों से एक हजार लीटर तेल चोरी, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** चार ट्रासंफार्मरों में से एक हजार लीटर तेल चोरी होने पर अवर अभियंता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला हजियाना ,स्लाटर हाऊस ,किंगरिया के पूरा और ग्राम हरिसेनगंज में स्थित ट्रांसफार्मरों में से विगत दिनों तक हजार लीटर तेल चोरी हो गया था। तथा ट्रांसफार्मर जले पडे थे। निलंबित जे ई प्रमोद सरोज ने मुकदमा दर्ज कराने की कोई जरुरत नही समझे । प्रमोद सरोज के निलंबित होने के बाद आए नये अवर अभियंता संतोष कुमार यादव ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।और जले हुए ट्रांसफरों के स्थान पर नये ट्रांसफर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रथम दिन बच्चों ने मैदान पर बहाया पसीना

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद भी अहम : प्रकाशचंद्र

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ खेलकूद जैसी अन्य गतिविधियों की तरफ भी मोड़ा जाना चाहिए। बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद बहुत आवश्यक है। न्यूज चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर प्रबंधक प्रकाशचंद्र मिश्र ने खेलकूद को जीवन का अभिन्न अंग बताया। कहा, इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर एक दूसरे का सहयोग करने, नई-नई चीजों को सीखने, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति ध्यान केंद्रित करने की भावना का विकास होता है। विद्यालय स्तर पर होने वाली छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं से ही स्टेट और नेशनल लेवल पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी भी पैदा होते हैं। इसलिए इस तरह के आयोजनों का होना बहुत आवश्यक है। 22 दिसंबर से शुरू हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 24 दिसंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता के प्रथम दिन बच्चों ने कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, खो-खो, 100 मीटर की दौड़, रस्सा खींच सहित कई खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर क्रीडा अध्यक्ष बीएल सोनी, प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्र, रवि सिंह, इंद्रजीत मिश्र, अंजू केसरवानी, राहुल राव, सुशांत, योगेश पांडेय, जाह्नवी जायसवाल, साक्षी पांडेय, वैशाली, प्रियांशी सिंह, रितु सिंह मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### विधायक विक्रमाजीत मौर्य के घर जाकर सांत्वना देंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार 23 दिसंबर को प्रयागराज पहुंच रहे हैं। यहां वह पूर्व विधायक स्वर्गीय विक्रमाजीत मौर्य की याद में जिला पंचायत सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करेंगे। श्रद्धांजलि सभा शाम 4.15 बजे होगी। इसके पूर्व दिन में एक बजे डिप्टी सीएम सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वहां विभागीय बैठक एवं भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद वह दरभंगा कालोनी स्थित पूर्व विधायक विक्रमाजीत मौर्य के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देंगे। शाम को गुरुद्वारा अहियापुर जाने का भी उनका कार्यक्रम है। इसके अलावा वह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक देवेंद्र नाथ मिश्र एवं महानगर आईटी प्रमुख यश विक्रम त्रिपाठी के भी घर जाएंगे। शनिवार सुबह उनका लखनऊ जाने का कार्यक्रम है।

### अल्टीमेटम की मियाद पूरी

# बड़े आंदोलन की तैयारी में छात्र, प्रशासन अलर्ट मोड पर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में हुए बवाल के बाद छात्रों की ओर से दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इस दौरान छात्रों की कोई मांग पूरी नहीं हुई। छात्र नेताओं ने शुक्रवार को छात्रसंघ भवन में सभी छात्र संगठनों की आपात बैठक बुला ली है, जिसमें बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार होगी। इविव में हुए बवाल के बाद छात्रों ने मांग की थी कि दोषी सुरक्षा गार्डों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, सुरक्षा एजेंसी का लाइसेंस निरस्त किया जाए और छात्रों पर दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए। छात्रों की ये तीनों ही मांगें पूरी नहीं हुईं। विश्वविद्यालय परिसर में तनाव की स्थिति बनी हुई है। 48 घंटे का अल्टीमेट पूरा होने के बाद बृहस्पतिवार को छात्र नेताओं ने ऑनलाइन बैठक की।इसमें तय हुआ कि 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे छात्रसंघ भवन पर सभी छात्र संगठनों की एक आपात बैठक की जाएगी और बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आपातकालीन बैठक में बड़ी संख्या में छात्रों के जुटने की संभावना है। ऐसे में परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती होगी। ऑनलाइन बैठक में छात्र नेता अखिलेश गुप्ता गुड्डू, अजय यादव सम्राट, रजनीश सिंह रिशू, विवेकानंद पाठक, नीरज प्रताप सिंह, सत्यम कुशवाहा आदि शामिल रहे।

**गेट, दफ्तरों से हटाए गए सुरक्षा गार्ड :** इविवि परिसर में हुए छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच हुई भिड़ंत के बाद विश्वविद्यालय के गेट और प्रमुख दफ्तरों के बारह से सुरक्षा गार्डों को हटा लिया गया है। बृहस्पतिवार को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, डीएसडब्ल्यू कार्यालय, रजिस्ट्रार दफ्तर, वीसी दफ्तर के बाहर कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं किया गया। छात्रसंघ भवन के सामने परिसर में प्रवेश के लिए गेट भी खुला रहा। इविवि के सुरक्षा गार्डों की जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। अन्य गेटों पर भी सुरक्षा गार्ड नजर नहीं आए।

**इविवि खुलने से पहले मामला शांत कराने की कोशिश :** शीतलाकालीन अवकाश के बाद जनवरी के पहले सप्ताह में इविवि खुलेगा। जिला और पुलिस प्रशासन की कोशिश है कि विश्वविद्यालय खुलने से पहले ही किसी तरह मामले को सुलझा लिया जाए। यह आशंका भी जताई जा रही है कि सुरक्षा गार्डों और छात्रों का आमना-सामना होने से मामला भड़क सकता है।

## केंद्र सरकार तक पहुंचा इलाहाबाद विवि में हिंसा का मामला, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी गृहमंत्री से मिले



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में फीस वृद्धि और बीते सोमवार को हुई हिंसा का मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। भाजपा एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया।एमएलसी ने गृह मंत्री और शिक्षा मंत्री को बताया कि इविवि में चार गुना फीस बढ़ा दी गई है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और खासतौर पर ग्रामीण इलाकों से आने वाले छात्रों के लिए इविवि में पढ़ पाना सपने सरीखे हो गया है। एमएलसी ने उन्हें बताया कि वह खुद यहीं से पढ़े हैं और किसी भी सूरत में इनकी अधिक फीस वृद्धि छात्र हित में नहीं है। एमएलसी ने यह भी कहा कि कम से कम शिक्षा को इतना महंगा नहीं करना चाहिए। उन्होंने बीते सोमवार इविवि परिसर में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया और गृह मंत्री एवं शिक्षा मंत्री को बताया कि विश्वविद्यालय के प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स द्वारा कथित तौर पर फायरिंग किए जाने और छात्रों के साथ मारपीट किए जाने की वजह से यह घटना हुई। यह छात्रों में पनप रहे आक्रोश का नतीजा है। इससे विश्वविद्यालय एवं सरकार की छवि पर सवाल उठ रहे हैं। दोनों मंत्रियों ने आश्वस्त किया कि छात्र हितों को लेकर भारतीय जनता पार्टी संवेदनशील है।

**पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने छात्रों को दिया समर्थन :** अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अधिकार अमिताभ ठाकुर ने छात्रों को अपना समर्थन दिया है। अधिकार सेना के मंडल अध्यक्ष श्याम कृष्ण द्विवेदी एवं जिलाध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय बृहस्पतिवार को धरना स्थल पर जाकर छात्र नेता अजय यादव सम्राट को अमिताभ ठाकुर का एक पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने इविवि में कई माह से हो रहीं घटनाओं की निंदा करते हुए विश्वविद्यालय में बीते सोमवार को हुई घटना के लिए इविवि प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। अमिताभ ठाकुर छह जनवरी को धरना स्थल पर भी आएंगे।

### वन वासी कल्याण आश्रम द्वारा खेल प्रतियोगिता आयोजित

**कोराव।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान जनपद प्रयागराज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अवध बिहारी बनवासी एकल विद्यालय पचेड़ा विकासखंड मांडा जनपद प्रयागराज में किया गया। आदर्श विंध्य माध्यमिक विद्यालय पथरताल के बहनों ने प्रथम विजेता आने पर उनको प्रमाण पत्र व मेडल पुरस्कार वितरण भोला सिंह मुन्ना प्रांत मंत्री भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश काशी प्रांत के हाथों से वितरित किया गया। साथ में श्याम लाल पांडे शिक्षक एवं प्रधानाचार्य जापान सिंह, प्राणनाथ ओमप्रकाश सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह ,विद्या कांत यादव जी, नवाब अली जी रविंद्र कुमार शिक्षक के साथ धीरज सागर जिला खेलकूद प्रमुख सेवा समर्पण संस्थान जनपद प्रयागराज के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### दबंगों ने हमले का किया प्रयास पुलिस ने खदेड़ा

**करछना।** तहसील क्षेत्र के कुशगढ शिव मंदिर पर लगने वाले दो दिवसीय मेले के दूसरे दिन पास के गांव के उस दबंग दर्जन भर लोग मेले में आए झूला संचालक से दबंगई से फ्री में झूला झुलाए जाने की कोशिश की झूला नहीं झूलाया को लेकर एकजुट होकर गांव के करीब 2 दर्जन लोग झूला मालिकों को घेर कर मारने का प्रयास किया। जिसपर समाजसेवी मां सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनायक पंडित ने तत्काल फोन से मेला में उपस्थित पीएसी और पुलिस जवानों को सूचना दी जो मौके पर तत्काल पहुंचकर हमलावरों को खदेड़ दिया।

### आर के ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स, में दो दिवसीय स्वागत समारोह संपन्न

**नैनी।** नैनी में संयुक्त रूप से आर0 के0 कालेज आफ फामेर्सी, आर0के0 स्कूल आफ नर्सिंग,आर0के0 इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज एवं प्रयाग विधि महाविद्यालय में नवांगतुक छात्र-छात्राओं हेतु दो दिवसीय स्वागत समारोह ह्यह्यफ्रेशर 2के 2022ह्यह्य के प्रथम दिन का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के क्षेत्रीय विधान सभा सदस्य पीयूष रंजन निषाद व किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर कौशिल्यानंद गिरी (टीना मां) करछना ब्लाक प्रमुख कमलेश द्विवेदी व पुरैनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पांडेय जी व संस्था के प्रबन्ध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी जी ने मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं समस्त विभाग के विभागाचार्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संस्थागत छात्रों ने समूह नृत्य के माध्यम से सरस्वती वन्दना एवं विभिन्न प्रकार के गीत, गजल, कव्वाली तथा विभिन्न विषयों पर नाट्य मंचन भी प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय ने उपस्थित नवप्रवेशित छात्रों को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए बताया कि शिक्षा कितनी आवश्यक है वह चाहे व्यवसायिक ही क्यों न हो उसका सदुपयोग तभी हो सकता है जब हम उसके बारे पूर्ण जानकारी हासिल करें। वहीं कार्यक्रम मे उपस्थित महामंडलेश्वर कौशिल्यानंद गिरी (टीना मां) जी नें छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओ के उज्वल भविष्य की कामना एवं आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम मे आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रयाग विधि महाविद्यालय बी0ए0एल0एल0बी0 से मिस्टर फ्रेशर स्वप्निल सिंह एवं मिस फ्रेशर अनामिका पाल तथा एल0एल0बी0 से मिस्टर फ्रेशर हर्ष पाठक एवं मिस फ्रेशर अंशिका द्विवेदी को तथा इसी क्रम आर0के0 कालेज ऑफ फॉमेर्सी से डी0फार्म से मिस्टर फ्रेशर सूर्य प्रताप सिंह एवं मिस फ्रेशर मानवी सिंह तथा बी0फार्म से मिस्टर फ्रेशर अंकित तिवारी एवं मिस फ्रेशर पल्लवी मिश्रा को चुना गया। चयनित छात्र/छात्राओं को चेयरमैन डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी एवं निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी ने ताज पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। अन्त मे संस्था के निदेशक डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी ने समस्त विभागों के विभागाचार्यों एवं शिक्षकों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनायें एवं बधाई दी। कार्यक्रम में सभी विभाग के विभागाचार्य डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, डॉ0 मुहम्मद जफर, राम बाबू तिवारी, अनुज शुक्ला,, धीरज मिश्रा, सुशील शुक्ला, अनुभव शुक्ला समेत सभी शिक्षक गण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अवैध प्लाटिंग पर चला पीडीए का बुलडोजर

**झूंसी।** पीडीए का बुलडोजर गुरुवार को झूंसी में पहुंचा तो अवैध प्लाटरो, भू माफियाओं के साथ भवन निर्माण करा रहे लोगों में हड़कंप मच गया पीडीए ने झूंसी के छतनाग में अलग-अलग लोगों द्वारा की गई 30 बीघे में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की। पीडीए के जोनल अजय कुमार ने बताया कि छतनाग में डब्बू यादव द्वारा 8 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग, छोट्टन गिरी द्वारा 10 बीघे, किशन चौरसिया एवं सूरत यादव द्वारा की गई 8 में अवैध प्लाटिंग एवं योगेश तिवारी द्वारा 3 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग में बने दर्जनों अवैध निमार्णों को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में लोग जुटे रहे पर कोई भी कार्यवाही का विरोध करने का साहस नहीं जुटा पाया।

### जरूरतमंदों को बांटा जायेगा कंबल व ट्राई साइकिल

**मेजा रोड।** दिव्यागोत्थान श्री राम सेवा न्यास ट्रस्ट के द्वारा जरूरतमंदों को कंबल ट्राई साइकिल एवं दिव्यांग जनों को आवश्यकता अनुसार उपकरणों का वितरण 23 दिसंबर शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे क्षेत्र के शंभू का पूरा में किया जाएगा। उक्त जानकारी आयोजक अभिषेक तिवारी "टिंकू" अधिवक्ता उच्च न्यायालय व रुचि तिवारी पूर्व प्रधान जेवनिया ने दिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमसी चतुर्वेदी अपर महा अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा विशिष्ट अतिथि वनीत पांडे व विपिन बिहारी पांडे मुख्य स्थाई अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद होंगे।

## मेजा में आभूषण की दुकान का शटर तोड़कर चोरी



अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा में ठंड का प्रकोप बढ़ते ही चोरों के हौसले बुलंद हो गए। चोरों ने बुधवार रात बंद आभूषण की दुकान के शटर का ताला तोड़कर नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया। गुरुवार सुबह माला-फूल देने पहुंचे माली ने शटर का ताला टूटा देखा तो दुकानदार समेत आस पड़ोस के दुकानदारों को घटना की जानकारी दी। घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने लोगों से जानकारी जुटाई है।मिली जानकारी के अनुसार, मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा रमकियान मोहल्ला निवासी नीरज केसरी ने रामनगर बाजार में अस्पताल के सामने शौर्य ज्वेलर्स के नाम से आभूषण की दुकान खोल रखा है। बुधवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर चला गया। रात में ही चोरों ने शटर का ताला तोड़कर नकदी समेत तिजोरी और अन्य सामान उठा ले गए। सुबह जब माली दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देखकर दुकानदार नीरज केसरी सहित आसपास के दुकानदारों को घटना की जानकारी दी।

**पुलिस ने घटना स्थल पर की पूछताछ :** नीरज केसरी ने दुकान पर पहुंचकर देखा कि तिजोरी और दुकान में रखा अन्य सामान गायब था। दुकानदार ने चोरी की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश कुमार अपने हमराही सिपाही के साथ मौके पर पहुंचकर सारी जानकारी जुटाया और वापस चले गए। दुकानदार नीरज केसरी ने बताया कि तिजोरी में रखी 5 सौ नगद और अन्य सामान सहित करीब 20 हजार का माल उठा ले गए हैं।

### एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए साढ़े दस हजार

**सहसों।** सहसों बाईपास पर स्थित एक एटीएम पर क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव गुरुवार को एटीएम से पैसा निकालने सहसों बाईपास स्थित एटीएम में पहुंचा। एटीएम मशीन में एटीएम कार्ड लगाने पर मशीन इनकरेक्ट बताने लगी जिसपर पीछे खड़ा एक अपरिचित व्यक्ति ने कहा कि एटीएम कार्ड धूल से गंदा हो गया है। लाइए इसे साफ करके फिर से लगाते हैं। एटीएम चोर ने साफ करने के बहाने एटीएम कार्ड को बदल लिया। कुछ देर बाद एटीएम चोर ने युवक से कहा तुम्हारा पिन इनकरेक्ट है पैसा नहीं निकलेगा। भुक्तभोगी युवक के जाते ही एटीएम चोर ने तुरन्त खाते से 10500 निकाल लिया। रास्ते में भुक्तभोगी युवक के मोबाइल पर खाते से पैसा निकलने का मैसेज पहुंचा। पैसा निकलने का मैसेज पर घबराकर युवक ने बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बाबूगंज में बंद कराने के लिए पहुंचा। जब तक एटीएम कार्ड लक होता तब तक खाते से 10900 रुपए में से 10500 रपया एटीएम चोर निकाल चूके थे। हैरान-परेशान युवक ने एटीएम बंद करा कर इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। परिजन युवक के साथ सहसों बाईपास पहुंच कर अपरिचित एटीएम चोर की खोजबीन करने लगे परन्तु एटीएम चोर का कुछ पता नहीं चला।

## न्यूज झरोखा

### डॉ ताराचंद छात्रावास में संपन्न हुआ ताराचंद प्रीमियर लीग




**प्रयागराज।** ताराचंद क्रिकेट लीग 2022 का पांच दिनों से चलने वाले क्रिकेट मैच का गुरुवार को मैच का अंतिम दिन रहा । इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 6 ब्लॉक के टीम ने प्रतिभाग किया था लेकिन 6 में से ब्लॉक 3 और ब्लॉक 5 की टीम गुरुवार को फाइनल में पहुंच पाई और इन दोनो टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया।ब्लॉक 3 ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 216 का स्कोर खड़ा कर दिया।वही ब्लॉक 5 के टीम ने इसका पीछा करते 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 164 रन पर सिमट गई। इस प्रकार ब्लॉक 3 की टीम ने 5 विकेट से खिताब अपने नाम कर लिया।इस प्रतियोगिता में अतुल यादव मैन ऑफ द मैच रहे वही आनंद यादव मैन ऑफ द टूनार्मेंट रहें ।बेस्ट बैट्समैन का खिताब पंकज यादव के नाम गया ,वही बेस्ट बॉलर का खिताब आनंद यादव के नाम रहा।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप प्रो रामेंद्र सिंह सर,रसायन विज्ञान विभाग,इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ राजीव गिरी सर ,अधीक्षक डॉ ताराचंद छात्रावास,बतौर विशिष्ट अतिथि अनंत सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग,सीएमपी डिग्री कॉलेज जितेन्द्र शर्मा,डायरेक्टर सीपीडीसी, राजेश सिंह उपस्थित थे। पांच दिनों तक चलने वाले क्रिकेट लीग का सफल आयोजन कराने में शुभम द्विवेदी,गोपाल मिश्रा,संस्कार त्रिपाठी,ओमकार नाथ त्रिपाठी ,अनिकेत सिंह एवं शैलेश यादव ।टूनार्मेंट संरक्षक एवं मार्गदर्शक-वेद सिंह सर,बंटी पांडे सर,टोनी पांडे सर,शशांक मणि त्रिपाठी सर,वेदांत सिंह सर,शिवेंद्र सिंह एव छात्रावास के समस्त छात्रों का योगदान रहा।

### जिला स्तरीय मुद्रा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित



**प्रयागराज।** भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर के तत्वावधान में प्रयागराज में मुद्रा प्रबंधन समिति की बैठक आहूत हुई। उक्त बैठक में मिजार्पुर सोनभद्र तक के बैंक अधिकारियों और करेंसी चेस्ट के अधिकारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता और संचालन आरबीआई कानपुर क्षेत्र के सहायक महा प्रबंधक अजय प्रताप सिंह ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत अनिल सिंह अग्रणी जिला प्रबंधक प्रयागराज ने किया और आर बी आई के अधिकारियों ने मुद्रा केन देन के बारे में आ रही विसंगतियों के बारे में लोगों को जानकारी दी और चर्चा हुई। और नए मुद्रा कटे फटे नोटों के बारे में नए निर्देश सभी बैंकों के जिम्मेदारों को दिए। इसी प्रकार उक्त अधिकारियों में एचडीएफसी और यूको बैंक आदि सिविल लाइन बैंक शाखाओं पर ओचक निरीक्षण किया। और जाते फटे नोटों के बारे में दिशा निर्देश भी दिया। कई बैंकों में निरीक्षण के दौरान गंदे नोटों का विनियमन और अधिग्रहण न किए जाने पर कई बैंक के कैशियरों को दस हजार की पेनालिटी भी लगाई। जनपद के सभी बैंकों को गंदे कटे फटे नोटों के विनियमन करने के निर्देश दिए। उक्त जानकारी अग्रणी जिला प्रबंधक ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी।

### रहस्यमई तिजोरी को खुलवाने के लिए चौक से बुलाए गए मिस्त्री



**झूंसी।** नई झूंसी कलवारी टोला में स्थित एक खंडहर में मिली तिजोरी गुरुवार को काफी मशक्कत के बाद भी नही खुली। दिन भर पुलिस परेशान रही। शुक्रवार को चौक से तिजोरो खोलने के लिए मिस्त्री बुलाया जाएगा। कलवारी टोला में वर्षो पुराने खंडहर से मिली तिजोरी कौतूहल का विषय बनी जो भी सुन रहा है वह तिजोरी को देखने भगा आ रहा है। चर्चा है कि तिजोरी काफी वजन है जिसके अंदर खजाना भरा हुआ है। दो दिनों से झूंसी पुलिस तिजोरी को खुलवाने में लगी पर अभी तक तिजोरी नहीं खुल पाई है। अब तिजोरी को खोलने के लिए चौक से चाभी बनाने वाले मिस्त्री को बुलाया गया है।

### करछना तहसील प्रशासन भूमाफियाओं के कब्जे में है होल्डिंग लगाकर दी गई चेतावनी



**करछना।** बुधवार एवं गुरुवार दो दिन से करछना तहसील मुख्यालय के पास एक एसडीएम आवास के सामने दूरसंचार कार्यालय के पास लगी होल्डिंग बना चर्चा का विषय, भू माफियाओं पर कार्रवाई न करने को लेकर प्रशासन को घेरा करछना बुधवार को तहसील परिसर से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित दूरसंचार कार्यालय की बाउंड्री से लगा होल्डिंग चर्चा का विषय बना रहा होल्डिंग किसने लगाया यह पता नहीं चल सका लेकिन होल्डिंग में सबसे ऊपर अतीक अहमद मोहम्मद जावेद ऊर्फ पप्पू गंजिया और नूर मोहम्मद की फोटो छपी है और आरोप है कि इनके ऊपर तहसील प्रशासन के द्वारा कार्रवाई न किए जाने की बात लिखी हुई है जिसे देखकर लोग दिनभर चर्चा करते रहे होल्डिंग में यह भी दशार्या गया है कि योगीराज में यदि प्रयागराज में भू माफियाओं के ऊपर कार्रवाई नहीं होगी तो कब होगी यह भी आरोप है कि भू माफियाओं की राजस्व अधिकारियों को मिलाकर सरकारी जमीने मनमाने ढंग से बेच रहे हैं। यह भी लिखा है कि करछना तहसील भू माफियाओं के कब्जे में है मोटी रकम लेकर पुश्तैनी खतौनी में भू माफियाओं का नाम अंकित किया गया था यह मांग भी की गई है कि पुराने दस्तावेजों के आधार पर जांच करा कर कार्रवाई की जाए जिससे कि इस पूरे खेल का खुलासा हो सके और दोषी भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी को है। होल्डिंग में वाककायदे कयी लोगों की फोटो नाम पते और मोबाइल नंबर तक अंकित है, तथा कब्जा की गई जमीनों का अभिलेख दशार्या गया है जिसमें राजस्व कर्मियों को एवं तहसील प्रशासन को चुनौती दी गई है साठ गांठ कर करोड़ों रुपए की वेश किमती जमीनों पर अमली जामा पहनाया गया है।

# चिन्मयानंद की अग्रिम जमानत मंजूर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद की दुराचार मामले में अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने इस मामले में यूपी सरकार और पीड़िता से जवाब मांगा है। 4 सप्ताह के भीतर जवाब देना होगा। इस केस की सुनवाई जस्टिस समित गोपाल की खंडपीठ कर रही है। जटिस समित गोपाल ने याची के पक्षकार वकील अनूप त्रिवेदी की दलीलों को सुनने के बाद यह फैसला सुनाया है।

**चिन्मयानंद का कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं :** वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने चिन्मयानंद का पक्ष रखते हुए कहा कि याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। चिन्मयानंद एक आध्यात्मिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति हैं। उनके पास ना कोई मेडिकल और शैक्षिक संस्थाएं संचालित हो रही हैं और उनके खिलाफ अभी तक कहीं कोई शिकायत नहीं दर्ज है। याची की उम्र 75 वर्ष है। बताया कि न्यायालय ने याची को अंतरिम संरक्षण देते हुए इससे पूर्व भी गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी।सुप्रीम कोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था लिहाजा अग्रिम जमानत देने में कोई बाधा नहीं है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी और शासकीय अधिवक्ता प्रथम ने जमानत अर्जी का विरोध किया। कोर्ट ने राज्य सरकार व शिकायतकर्ता पीड़ित को अपना पक्ष हलफनामे के साथ दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह की मोहलत दी है। इसके साथ ही साथ चिन्मयानंद की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है।

**शिष्या को बंधक बनाकर दुराचार करने का हैं आरोप :** यह मामला 2011 का है। चिन्मयानंद पर एक आश्रम में शिक्षा को बंधक बनाकर दुराचार करने का आरोप लगा था। इसके बाद शिष्या और उसके परिजनों ने शाहजहांपुर कोतवाली में आईपीसी की धारा 307, 313, 342, 323, 376 और 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच में अन्य धाराएं तो हट गई थी लेकिन धारा 376 व 506 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया।राज्य सरकार ने 9 मार्च 2018 को चिन्मयानंद के खिलाफ दर्ज दुराचार के केस को वापस लेने का आदेश जारी किया था। यह आदेश शाहजहांपुर की अदालत में सुनवाई के बाद शामिल नहीं हो सका। कोर्ट ने इसे गलत माना और निचली अदालत के फेसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। 2018 में ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई।

**हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही माना :** इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा दिए गए फैसले को सही माना। इसके साथ ही स्वामी चिन्मयानंद को 30 अक्टूबर तक शाहजहांपुर की अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने चिन्मयानंद को जमानत अर्जी पर निर्णय लेने के लिए शाहजहांपुर में अपील करने का आदेश दिया था।

### ज्वाला देवी गंगापुरी के रज्जू भैया सभागार में धूमधाम से मनाया गया श्रीनिवास रामानुजम जयंती




**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी, रसूलाबाद, प्रयागराज के रज्जू भैया सभागार में गुरुवार कोको गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयन्ती कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र जी व कार्यक्रम प्रमुख आचार्य लक्ष्मीशंकर त्रिपाठी जी ने मॉ भगवती व श्रीनिवास रामानुजन जी की प्रतिमा पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र जी ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भैया/बहिनों से उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए उसे अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कक्षा द्वादश के भैया आदर्श त्रिपाठी ने श्रीनिवास रामानुजन जी के विषय में बताते हुए कहा कि ये बचपन से ही विलक्षण व प्रतिभावान थे।इन्होंने खुद से गणित सीखा और अपने जीवनभर में गणित के 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किये जा चुके हैं। कार्यक्रम प्रमुख आचार्य लक्ष्मीशंकर त्रिपाठी जी ने श्रीनिवास रामानुजन जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वह एक महान गणितज्ञ थे जिन्होनें गणित के क्षेत्र में अदभुत आविष्कार किये तथा अपने प्रयोग से दुनिया में भारत की एक विशेष पहचान बनायी। हम सभी को भी महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम जी के जीवन से सीख लेते हुए सदैव नवाचारित प्रयोग करते रहना चाहिए। इस अवसर पर आचार्य तपन सिंह व भैया अमन उपाध्याय ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जनार्दन प्रसाद दूबे, जटाशंकर उपाध्याय, कनक सिंह, मीनाक्षी मेहरोत्रा, सुधाकर पाण्डेय, हरिशंकर प्रजापति एवं भैया/बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दशम की छात्रा आरोही त्रिपाठी ने किया।

## त्रिवेणी संगम सेवा समिति महेवा की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ

**नैनी।** राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन इंटर कालेज महेवा हिंदी विद्या पीठ प्रयाग में रखा गया। सर्व प्रथम समिति की महिला अध्यक्ष शक्ति धवन जी द्वारा माता सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया कर्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश चन्द्र गुप्ता छेत्रीय उपाध्यक्ष काशी छेत्र भाजपा व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी पतविन्दर सिंह के द्वारा महामना राजर्षि टंडन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक स्वामी नाथ त्रिपाठी व अध्यक्ष विनोद दुबे जी के द्वारा किया गया,संचालन राम प्रकाश ने किया,समिति के सचिव दिनेश यादव ने राष्टगान के पश्चात समापन किया। मुख्य अतिथि जी ने वृक्षारोपण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए जन जन को वृछ लगाने को कहा,,प्रधानाचार्य जी ने कहा कि प्रति व्यक्ति को अपने नाम से एक पेड़ लगा कर उसकी देखरेख अपने पुत्र की भांति करनी चाहिए,वरिष्ठ समाज सेवी पतविन्दर ने त्रिवेणी संगम सेवा समिति की प्रसंसा करते हुए बताया कि समिति जिस उद्देश्य से काम कर रही निश्चित ही आगे बढ़ती रहेगी,उपाध्यक्ष कामिनी गुप्ता ने कहा कि समिति में सभी का सहयोग मिलता रहॉ तो प्रयाग ही नही पूरे प्रदेश में त्रिवेणी संगम की गूंज होगी।रश्मि जयसवाल जी ने समिति में लोगो को जुड़कर कार्य करने की अपील की। त्रिवेणी संगम सेवा समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से अवधेश चन्द्र गुप्ता पतविन्दर सिंह स्वामी नाथ त्रिपाठी विनोद दुबे दिनेश यादव,वीरेंद्र स्वरूप,विजय रावत, प्रदीप भारती,कामिनी गुप्ता, बबिता जायसवाल, शक्ति धवन,राम प्रकाश शर्मा ,शुभास जी, रश्मि जायसवाल, हेम लता,रतन श्रीवास्तव, राजकुमार जयसवाल, धर्मेंद्र भारतीया, महेश भारतीया, रोहित निसाद, राजू यादव, संजय यादव, राखी श्रीवास्तव, स्टाफ हिंदी विद्या पीठ प्रयाग व छात्र छात्राएं आदि रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी परिवार के साथ सीएमओ आफिस में धरने पर बैठे , अधिकारी साधे रहे मौन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर पिछले दिनों से ताला बंद है। दरअसल, मानदेय न मिलने जैसी विभिन्न मांगों के समर्थन में सेंटरों पर तैनात (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) धरने पर बैठे हैं। खास बात यह है कि वह धरने पर अकेले नहीं बल्कि पूरे परिवार के साथ बैठे हैं। करीब 400 सीएचओ सीएमओ से मिलना चाहते हैं लेकिन सीएमओ की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक जवाब न देने के कारण वह धरने पर जमे हैं।यहां सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में वह यहां अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। मंगलवार को वह धरने पर बैठे थे, दूसरे दिन गुरुवार को वह ढोल बचाकर अपनी मांग अधिकारियों के समक्ष रखे। आज तीसरे दिन वह परिवार के साथ धरने में मिल हुए। एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह इन्हें मनाने का प्रयास करते रहे लेकिन वह अपनी जिद पर अड़े रहे।

**धरना करने पर दी जा रही है धमकी :** अप्रैल से अब तक पीबीआई का भुगतान न होने से आक्रोशित सीएचओ जमकर नारेबाजी की। ह्लपहले दाम-फिर कामह्व का नारा लगाया। साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं पूरी हुई तो वह बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।रश्मि शुक्ल ने कहा कि, हम तीन दिनों से धरने पर बैठे हैं लेकिन हमें धमकी दी जा रही है कि कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी मांग जब तक पूरी नहीं हो जाती है तब तक हम यही डटे रहेंगे। आशीष कुशवाहा ने कहा कि हम लोग पूरी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं लेकिन हमारी समस्याओं को नहीं सुना जा रहा है।धरना प्रदर्शन कर रहीं नेहा त्रिपाठी ने कहा, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। फिर भी हम पूरे समय वहां उपस्थित रहते हैं। उन्होंने कहा कि सीएचओ का मानदेय प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत बढ़ाने का प्रावधान है लेकिन पिछले और वर्तमान वित्तीय वर्ष का इंक्रीमेंट नहीं लगा है। इसी तरह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर प्रति कार्यक्रम के लिए 200 रुपए का प्रावधान है लेकिन आज तक कोई भुगतान नहीं हुआ। शिवानी व अनुरोध शर्मा ने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर कार्य करने के लिए सीएचओ के साथ अन्य स्टाफ जैसे एएनएम, आशा कार्यकर्ता इत्यादि को टीबीआई का प्रावधान है किंतु आज तक भुगतान नहीं हुआ। सफाईकर्मी के लिए 500 रुपए देने की व्यवस्था है लेकिन आज तक कुछ नहीं मिला।

# लम्बित पत्रावलियों में रूचि लें अन्यथा होगी कार्यवाही: जिलाधिकारी

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेªट के सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) की बैठक सम्पन्न हुई। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के भौतिक लक्ष्य 104820 के सापेक्ष रबी की फसल के लिये 52410 एवं खरीफ के लिये 52410 निर्धारित किया गया है।

वर्ष 2022 में खरीफ फसल के लिये 46437 भौतिक आवेदन स्वीकृत है एवं कुल राशि 42055.45 लाख का ऋण स्वीकृत किया चुका है। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन एवं पशु पालन विभाग के केसीसी योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना की धीमी प्रगति में सुधार लायें अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा 485 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसके सापेक्ष 119 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किया गया है। जिलाधिकारी ने आर सेटी के निदेशक जितेन्द्र प्रसाद से जानकारी ली कि अब तक किन-किन बैंकों में ऋण हेतु कितने आवेदन भेजे गये जिस पर आर सेटी के निदेशक जानकारी उपलब्ध नही करा पायें। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के टेªनिंग लाभार्थियों की संख्या एवं उन्हें ऋण सुविधा मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तो वह सही आंकड़ा प्रस्तुत नही कर पाये जिस पर जिलाधिकारी ने आर सेटी के निदेशक को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि टेªनिंग कराकर खानापूर्ति न करें बल्कि लाभार्थियों को लाभान्वित कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अग्रणी जिला प्रबन्धक गोपाल शेखर झा सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।



जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान में किराना व्यवसायी पर 1500 का जुमार्ना

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर पालिका का संयुक्त चला अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी चैराहे से लेकर सरोज चैराहे तक प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के विरुद्ध प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय रायबरेली से आए राजेष कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका के कर्मचारियों ने गुरुवार को अभियान चलाया, जिसमें एक किराना की दुकान पर प्रतिबंधित प्लास्टिक व थमाकोल मिलने पर उस पर 1500 रुपये जुमार्ना ठोंका गया।

नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देष पर चले इस अभियान में आज जैसे ही यह जांच दल पीडब्ल्यूडी आफिस के पास पहुंचा, वहां ठेले पर फल लगाये दुकानदार ठेला लेकर भागने लगे। कर्मचारियों ने उन्हें भागने का मौका भी दिया। उसके बाद जैसे ही कटरा रोड पर आगे बढ़े, एक किराने की दुकान पर प्लास्टिक व थमाकोल मिल गया। इस पर कर्मचारियों ने 1500 रुपये का जुमार्ना वसूला। इस टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय रायबरेली से आए राजेष कुमार के अलावा नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद, स्वच्छ भारत मिषन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह व जिला समन्वयक आषीष मिश्रा, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह शामिल रहे। बता दें कि नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह बराबर व्यापारियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक व थमाकोल न इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं फिर भी कुछ व्यापारी अभी भी प्लास्टिक का खुलेआम प्रयोग करते पाए जा रहे हैं।



किराना व्यवसायी का चालान काटते अधिकारी।

## हिंदी के उत्थान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे डॉ वासुदेव सिंह

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी की धरती हमेशा से उर्वरा रही है। क्रांतिकारियों से लेकर राजनेताओं तक उनके समर्पण और सेवा भाव के लिए याद किया जाता है पट्टी तहसील क्षेत्र के उतरास गांव में जन्मे वासुदेव सिंह एक क्रांतिकारी के साथ कुशल राजनेता तथा हिंदी भाषा का उत्थान करने के लिए जाना जाता है।

30 मार्च 1917 को उतरास गांव में माता बदल सिंह बदल के पुत्र के रूप में इनका जन्म हुआ। बचपन में इन्हें वासु कहकर पुकारा जाता था। 1933 में इंटरमीडिएट वाराणसी से पास करने के बाद 1943 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में एमए की उपाधि प्राप्त किया। वासुदेव सिंह ने अपना पूरा जीवन हिंदी के लिए समर्पित कर दिया 22 मार्च 1984 को श्रीपति मिश्र के मंत्रिमंडल के सदस्य के रूप में जब सदन में उर्दू को द्वितीय राजभाषा बनाने का विधेयक आया तो उन्होंने सारी सीमाओं को तोड़ते हुए उसके विरुद्ध सदन में भाषण दिया और जीवन के अंतिम क्षणों तक संघर्ष करते रहे। 1947 में भारत-पाक विभाजन के समय असहाय निराश्रित लोगो को जगह देने तथा सुरक्षा के लिए कार्य किया। 23 सितंबर 1986 को उनका 70 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया।

## दुर्घटना में किशोर की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली के कटरा पुरवारा में बोरिंग कर वापस लौट रहे टैज्क्टर की टक्कर से किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी। अचकवापुर निवासी दिनेश विश्वकर्मा का पुत्र पंकज विश्वकर्मा (17) गुरूवार को कटरा स्थित अपनी दुकान से जलेसरगंज बाजार खरीददारी के लिए बाइक से जा रहा था।

तभी सामने से तीव्र गति से आ रहे टैज्क्टर ने किशोर को टक्कर मार दिया। परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं ग्रामीणो ने नया का पुरवा गांव के टैज्क्टर व चालक को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए देर शाम जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक पंकज तीन भाईयो मे मझला था। वहीं उसकी एक बहन मीना देवी भी भाई की मौत से बिलखने लगी। दुर्घटना से परिजनो मे कोहराम मच गया।

# डीएलएड प्रशिक्षण चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में 81 परीक्षार्थी अनुपस्थित

## केवल दो परीक्षा केन्द्रों पर हुई परीक्षा का डायट प्राचार्य ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डीएलएड (बीटीसी) प्रषिक्षण चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा वर्ष 2022 की गुरुवार को शहर के राजकीय इंटर कालेज व केपी हिन्दू इंटर कालेज में सकुषल परीक्षा सम्पन्न हुई। आज प्रथम पाली में आरंभिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन-लेखन क्षमता का विकास तथा द्वितीय पाली में शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रषासन की परीक्षा में कुल 81 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रत्येक पाली में 1215 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 1175 व दूसरी पाली में 1714 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। पहली बेला में 40 और दूसरी बेला में 41 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डायट प्राचार्य हृदय राम आजाद अपनी टीम के साथ राजकीय इंटर कालेज व केपी कालेज का निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षा केन्द्र में अनुचित साधन का प्रयोग करता हुआ नहीं पाया गया।



जीआईसी में डीएलएड परीक्षा का निरीक्षण करते डायट प्राचार्य।

# नगर पालिका सभागार में आयोजित हुई स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज पर कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज स्वच्छता से संबंधित तकनीकी को बढ़ावा देना है जैसे कि जीरो वेस्ट, सामाजिक समावेशन, प्लास्टिक अपशिस्ट प्रबंधन, पारदर्शिता आदि। इस कार्यशाला में संतोष कुमार सिंह ने लोगो को जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता से संबंधित जो भी इन्नोवेशन इंडिविदुअल, स्टार्टअप्स, कंपनी एन जी ओ आदि के विचारों में है, उसको नगर विकास विभाग को दिए गए फॉर्मेट पर क्लिक करके दें तथा स्वच्छता संबंधित योगदान अपने विचारों के माध्यम से नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ को दें। स्वच्छता टेक्नोलॉजी चैलेंज में जिला समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य स्वच्छता संबंधित तकनीकी को बढ़ावा देना है, जैसे कि सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, सोशल इन्नोवेशन, स्वच्छता ट्रैकिंग, प्रचार प्रसार आदि के क्षेत्र में सभी तकनीकी अपने आइडियाज एवं प्रयोग लेकर के नगर विकास विभाग को दे सकते हैं, जिससे कि नगर पालिका को स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने में विशेष इन्नोवेशन और तकनीकी की सहायता मिले, जिससे कि कम लागत में और कम समय में स्वच्छता संबंधित बेहतर कार्य किया जा सके, इसके लिए उन्होंने लोगो को आमंत्रित करते हुए कहा कि, स्वच्छता टेक्नोलॉजी संबंधित अपने अपने विचार लिख करके देंगे, जिससे कि समाज को स्वच्छता संबंधित महत्वपूर्ण दिशा दिखाने में और स्वच्छता संबंधित कार्य करने में सहायता मिल सके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी लोग स्वच्छता तकनीकी के संबंध में अपने विशेष विचार प्रस्तुत करेगा, उसको राज्य सरकार की तरफ से नगर निकाय निदेशालय लखनऊ में 75 हजर से पांच लाख तक की नगद राशि देकर पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण सिंह, डी सी आशीष मिश्रा, स्वछता टीम लीडर संतोष सिंह, स्वच्छता प्रभारी प्रशांत सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, राजेश बिंद उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सफाई नायक, टी सी, एवम नगर पालिका के सभी विभागों के कार्मिक प्रतिभाग किये।



नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यशाला में मौजूद अधिकारी।

# काटे गए सरकारी पेड़ो पर कार्रवाई न हुई तो आंदोलन करेगी पर्यावरण सेना

## सेना प्रमुख ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन, दोषी पुलिस व वन कर्मियों पर हो कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार को पर्यावरण सेना प्रमुख ने एसडीएम को ज्ञापन सौप कर काटे गए सरकारी पेड़ो के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।साथ ही कहा की यदि कार्रवाई न हुई तो वह शांति-पूर्वक धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

स्थानीय विकास खंड के उधरनपुर के मढ़ना नार पर बीते 17 दिसंबर को छह हरे शीशम के पेड़ो को कुछ लोगो ने काटकर लकड़ियों को उठा ले गए। वहीं ग्रामीणों ने पूरे घटना क्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। ग्रामीणों ने पुलिस की मौजूदगी में पेड़ को काटने का आरोप भी लगाया।वन विभाग के लोग मौके की जांच की तो छह हरे शीशम के पेड़ कटे मिले और लगभग दो पेड़ो की लकड़ियां बरामद हुई।लकड़ियों को विभाग ने ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में रखकर मामले की रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी।उसके बाद किसी को न तो अन्य पेड़ो की गायब लकड़ियों की फिक्र है और न ही आरोपियों की।सेना प्रमुख अजय क्रांतकारी व रवि प्रकाश मिश्र ने एसडीएम सौम्य मिश्र को ज्ञापन देकर लकड़ियों की बरामदगी के साथ ही आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही प्रशासन को यह भी चेताया की यदि उचित कार्रवाई नहीं होगी तो वह शांति-पूर्वक धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में श्रीनिवास रामानुजन की मनी जयंती

## सदर विधायक ने की शिरकत, मेले का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ यू पी में के पावन परिसर में आज महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती गणित दिवस के रूप में मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती के पूर्व छात्र तथा वर्तमान में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने सर्वप्रथम मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवम पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष रोशन लाल उमर वैश्य ने की। शिशु भारती के अध्यक्ष भैया अथर्वदेव सिंह एवम मंत्री बहिन मानसी सिंह ने अतिथियों का तिलक एवम बैज लगाकर स्वागत किया। विधायक का स्वागत प्रधानाचार्य दिग्विजय द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक ने भैया बहिनों की ही तरह अपने को भी इस प्रकार के कार्यक्रमों की सहभागिता की जानकारी देते हुए अपने बाल्य काल को याद किया एवम इस विद्यालय के लिए परिसर में एक कक्ष निर्माण हेतु विधायक निधि से पांच लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर बाल मेले का आयोजन भी किया गया बाल मेले में बच्चो के अभिभावकों ने बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए बढ़ चढ़ कर सहभागिता की इस अवसर पर मातृ भारती की अधक्षा मंत्री तथा बहुत सारी माताओं के साथ भाजपा के सूर्य प्रकाश, अरुण, के साथ पुलिस प्रशासन आदि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम का संयोजन शिशु भारती एवम छात्र संसद द्वारा किया गया संचालन वरिष्ठ आचार्य बृजेश तिवारी ने किया।



सरस्वती शिशु मंदिर में लगे मेले का अवलोकन करते विधायक राजेन्द्र मौर्य

# लक्ष्य को केंद्रित कर करें पढ़ाई, सफलता निश्चितः राजेंद्र मौर्य

## सुरेश चंद्र महाविद्यालय में हुआ मेधा सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के सुरेश चंद्र मिश्र महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को मेधा सम्मान समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि लक्ष्य को केंद्रित करके पढ़ाई करें, सफलता कदम चूमेगी। कार्यक्रम से पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन करते हुए सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ,विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार मिश्र, मुख्य वक्ता डॉ विवेक त्रिपाठी ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने स्मृति शर्मा को राज्य विश्वविद्यालय में बी एड में तीसरी रैंक लाने के लिए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया। श्री मौर्य ने कहा कि स्मृति शर्मा की तरह ही सभी बच्चों को अपना लक्ष्य निश्चित रखना होगा यही सफलता का मुख्य कारण बनेगा। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए स्कॉलर्स एकेडमी के निदेशक डॉ विवेक त्रिपाठी ने कहा कि हौसला बनाए रखना, कठिन परिश्रम, एकाग्र होकर लक्ष्य को केंद्रित करते हुए कोई भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जोशीले अंदाज से सफलता के मूल मंत्र बताए। विद्यालय की छात्रा स्मृति शर्मा जिनको अभी 2 दिन पूर्व प्रदेश की राज्यपाल द्वारा विशिष्ट मेडल से सम्मानित किया गया, ने अपनी पढ़ाई की रणनीति और सफलता के तरीकों को छात्रों से साझा किया। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक प्रमन मिश्र एवं प्राचार्य अरविंद कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों से जुड़े अरुण कुमार मौर्य प्रतिनिधि विधायक, सभासद आशुतोष सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय सिंह, राकेश सिंह, आनंद केसरवानी, आनंद पांडेय एडवोकेट सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक संजय तिवारी, आशीष, संतोष सिंह, अंजू शुक्ला, सुषमा पांडे, योगेंद्र श्रीवास्तव, शाइस्ता रियाज मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक प्रमन मिश्र ने किया तथा सफल संचालन बी एड विभाग की प्रशिक्षिका दीपिका मिश्रा ने किया।




मेधा सम्मान समारोह में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौय।

## सामुदायिक शौचालय की सौगात पर एसपी ने पंचायत प्रतिनिधियों को सराहा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना परिसर में क्षेत्र पंचायत समिति द्वारा केन्द्रीय एवं राज्यवित्त योजनान्तर्गत सामुदायिक शौचालय की सौगात मिलने पर क्षेत्रीय लोगों मे गुरूवार को खुशी का माहौल दिखा। बतौर मुख्यअतिथि एसपी सतपाल अंतिल की मौजूदगी में बुधवार की देर शाम ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य सामुदायिक शौचालय की आधारशिला रखी गयी। थाना परिसर मे आने वाले फरियादियो की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय की सौगात पर लोगो मे खुशी भी देखी जा रही है। एसपी सतपाल अंतिल ने प्रमुख समेत क्षेत्रीय प्रधानो व बीडीसी सदस्यो तथा ब्लाक के अधिकारियो के द्वारा जनसुविधा के क्षेत्र मे सहयोग की सराहना भी की। कार्यक्रम मे मौजूद एएसपी रोहित मिश्र तथा सीओ रामसूरत सोनकर व एसडीएम सौम्य मिश्र ने भी निर्माण के क्षेत्र मे पंचायत प्रतिनिधियो के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों से भी रचनात्मक सहयोग का आहवान किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता विनोद मिश्र ने किया। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने अतिथियो के प्रति आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, प्रधान नरेन्द्र मिश्र, पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित सिंह, प्रधान बब्लू ओझा, संजय यादव, संदीप यादव, साबिर अली, रामेन्द्र मिश्र, राजा सिंह आदि मौजूद रहे।

# गमछे का फंदा बनाकर फांसी के फंदे पर झूला युवक, मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत की सिंचाई करने गए घर से निकले युवक का आम के पेड़ पर झूलता मिला शव सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र देवसरा गांव निवासी राहुल हरिजन उम्र 20 वर्ष पुत्र पंचम हरिजन ने बुधवार को सुबह अपने खेत की सिंचाई के लिए मां के साथ खेत पर गया हुआ था।

दोपहर में बिजली चली जाने के बाद मां घर चली आई जबकि वह खेत पर ही था। शाम 4 बजे के आसपास मृतक की मां जब पुनः खेत पर पहुंची तो देखा कि खेत के समीप ही आम के पेड़ से पर उसके बेटे का शव लटका हुआ है जिस पर वह चिल्लाने लगी उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी आसपुर देवसरा पुलिस को दी सूचना मिलते ही आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संजय पांडे मौके पर पहुंचे शव को पेड़ से नीचे उतर वाया पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक राहुल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक का शव उसी के गमछे में पेड़ से लटका हुआ पाया गया है वह परदेस में रहकर कमाई करता था। एक माह पूर्व घर आया हुआ था और मां के साथ खेत की सिंचाई करने गया था किन कारणों के चलते उसने मौत को गले लगाया यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष आसपुर देवसरा संजय पांडे का कहना है कि युवक का उसी के गमछे में पेड़ से लटकता हुआ शव पाया गया है शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला नजर आ रहा है।

## अंतर्महाविद्यालयी कुश्ती रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में 23 दिसम्बर को दिन में 10 बजे अंतरमहाविद्यालयी कुश्ती रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसकी अध्यक्षता डॉ प्रशांत देव शुक्ला करेंगे। वही मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर प्रदीप कुमार सिंह महामंत्री उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ तथा प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू विश्वविद्यालय होंगे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश कुमार पांडे रेसलिंग प्रतियोगिता में खेल प्रेमियों को भारी संख्या में पहुंचकर उत्साहवर्धन के लिए आमंत्रित किया है।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों सोनू यादव पुत्र रमेश यादव अतुल यादव पुत्र ओम प्रकाश भोला यादव पुत्र दारा सिंह डिल्लू यादव पुत्र हरिजीवन निवासीगण सैय्यद सरावां थाना चरवा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 470 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 230 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त चित्रसेन उर्फ हनुमत सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी सेंगरहा थाना पश्चिम शरीरा को सेंगरहा ईट भट्टे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धनन्जय कुमार उर्फ राजा पुत्र शिवलाल सरोज निवासी जुगराजपुर थाना सराय अकिल को कनैली बाजार के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

# सातवें दिन भी पुजारी का आमरण अनशन जारी

**पुजारी को समझाने के लिए पहुंचे एसडीएम व सीओ नहीं बनी बात**

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आस्था का केंद्र अति प्राचीन हनुमान जी के मंदिर को एन एच आई के अधिकारियों द्वारा दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है मंदिर हटाए जाने से बढ़े आक्रोश के बाद मंदिर के पुजारी ने खाना-पीना त्याग कर भूख हड़ताल शुरू कर दिया देखते-देखते 7 दिन बीत गए इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कई बार हुई वार्ता बेनतीजा रही गुरुवार को फिर उप जिला अधिकारी सिराथू क्षेत्राधिकारी सिराथू नायब तहसीलदार और थानेदार के साथ हनुमान मंदिर कशिया के पास पहुंचे और अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्राचीन हनुमान जी की मंदिर को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर सुंदर बनवाया जाएगा आमरण अनशन कर रहे मंदिर के पुजारी अधिकारियों की बात को मानने को तैयार नहीं हुए हैं उनका कहना है कि अधिकारी नाजायज दबाव बनाकर उनके आमरण अनशन को खत्म करना चाहते हैं अधिकारियों के दबाव के चलते पुजारी ने मंदिर में ताला बंद कर दिया है जिससे मंदिर में पूजा पाठ करने वालों को भी दिक्कत हो रही है हिंदू धर्म की आस्था अति प्राचीन हनुमान जी की मंदिर को हटाए जाने में प्रशासन ने राजनीति शुरू कर कुछ ग्रामीणों को पुजारी के खिलाफ खड़ा कर दिया है जिससे कुछ ग्रामीण पुजारी के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं और पुजारी पर उल जलूल का आरोप लगाने लगे हैं हालांकि सातवें दिन भी पुजारी अपनी जिद पर अड़े रहे और वह आमरण अनशन पर डटे रहे बताते चलें कि 300 वर्ष से अधिक पुराने हनुमान जी के मंदिर को राष्ट्रीय राजमार्ग सिक्स लेन चौड़ीकरण में हटाया जा रहा है पुराने हनुमान मंदिर को तोड़-फोड़ कर नष्ट किया जा रहा है और नए स्थान में मंदिर बनाने का आश्वासन दिया जा रहा है पुजारी का कहना है कि मंदिर के नीचे कई साधु संतों की समाधि बनी हुई है और मंदिर के नीचे खजाना भी दबा हुआ है अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद भी आमरण अनशन खत्म करने पर पुजारी नही माने जबकि ग्रामीणों ने सीओ सिराथू एसडीएम नायब तहसीलदार एसओ कोखराज से सार्वजनिक मन्दिर को सुन्दर बनवाने के लिए कहा जिस पर एनएचआई वा प्रशासन ने कहा कि ग्रामीणों के अनुसार ही सुन्दर भव्य मन्दिर बनाया जाएगा।



आक्रोशित भक्तों से बात करते अधिकारी

# उपजिलाधिकारी व खनन अधिकारी ने ओवरलोड बालू वाहनों पर की कार्रवाई

**कई ओवरलोड वाहनों को किया गया सीज**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में बालू के घाट शुरू होते ही ओवरलोड बालू के वाहन सड़को पर फरार्टा भरना शुरू कर दिया, ओवरलोड बालू के वाहनों पर शासन के निर्देश पर जिले भर में कार्यवाई हो रही है इसी क्रम में डीएम सुजीत कुमार के आदेश पर एसडीएम मंझनपुर प्रखर उत्तम ने देर रात ओवरलोड बालू के वाहनों पर कार्रवाई की है, एसडीएम ने 10 ओवरलोड ट्रक व डंफरों पर कार्यवाई करते हुए 5 लाख का जुमार्ना लगाया है ।डीएम के निर्देश पर एसडीएम व खनन अधिकारी ने देर रात ओसा में कार्यवाई की है एसडीएम व खनन अधिकारी ने संयुक्त अभियान चलाते हुए देर रात ओवरलोड 10 ट्रकों पर कार्रवाई की है अधिकारियों ने पकड़े गए सभी ट्रक व डंपर को मंझनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।



ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करते अधिकारी

# लापरवाह चिकित्सक ने दो महिलाओं व एक मासूम बच्चे को कुचला, बच्चे की हुई मौत

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिला अस्पताल के लापरवाह चिकित्सक की तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने दो महिलाओ और एक मासूम बच्चे को कुचल दिया, हादसे में महिलाओ समेत मासूम बच्चा गंभीर घायल हो गए, ग्रामीणों ने कार सवार को पकड़ लिया और घायलों को जिला अस्पताल ले आए, जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मासूम बच्चे की मौत हो गई, जिसके बाद घायल महिलाओ ने मासूम बच्चे का शव पुलिस को देने से इंकार कर दिया और परिजनो ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया, हादसे को अंजाम देने वाली कार जिला अस्पताल में तैनात महिला डाक्टर की बताई का रही है, परिजनो के हंगामे के बाद पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया और जांच में जुट गई हादसे के बाद भी महिला डॉक्टर जिला अस्पताल में ड्यूटी देती हुई देखी गई हैं पुलिस ने महिला डॉक्टर की गिरफ्तारी नहीं की है। घटना चरवा थाना क्षेत्र के भीटी गांव का देर शाम बुधवार की है जहा सड़क के किनारे घर के बाहर महिलाए खड़ी थी तभी जिला अस्पताल में तैनात महिला डाक्टर सुरभि प्रकाश की तेज रफ्तार कार आई और उन लोगो को कुचल दिया, जिसमे नसीमा और वाजिदा और वाजिदा के गोद में तीन माह का मासूम आदिल गंभीर घायल हो गए, ग्रामीणों ने कार सवार को पकड़ लिया और जिला अस्पताल ले आए, जिसके बाद सभी घायलों का इलाज किया गया, जिसमे मासूम बच्चे आदिल की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा, हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी आखिर जिला अस्पताल में तैनात महिला डॉक्टर प्रतिदिन कार से इलाहाबाद क्यों जाती हैं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी इन चिकित्सकों को जिले में क्यों नहीं रोक पा रहे हैं यह तमाम सवाल इस दुर्घटना के बाद छूट गए हैं।

## सिराथू ब्लाक के घटैयापर में सफाई कर्मी के न आने से नाली में भरा गंदा पानी

**कल्यानपुर कौशांबी।** सिराथू बिकास खण्ड क्षेत्र के घटैया पर मजरा बम्हरौली में सफाई कर्मी के न आने से पूरे रास्ते मे नाली के ऊपर गंदा पानी भरा रहता है ।जिससे कभी भी घातक बीमारी फैलने का डर ग्रामीणों को बना रहता है। गांव में सफाई कर्मी के ना आने के बाद भी फर्जी तरीके से एडीओ पंचायत सिराथू द्वारा उसकी उपस्थिति दर्ज करा कर उसे वेतन दिया जा रहा है जबकि पूरे गांव में गंदगी व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है कि बिना कार्य किए सफाई कर्मी को वेतन देने वाले एडीओ पंचायत के भी कारनामे की जांच किए जाने की जरूरत है ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मी गांव में कभी भी सफाई करने नही आता केवल सरकार से मुफ्त की तनख्वाह लेते है।

# ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पक्षी की निकाली शव यात्रा

**सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई सुबह ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पक्षी का शव देखा तो मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई समाजसेवी ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव की यात्रा निकाली और सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया नगर पालिका परिषद भरवारी के बिसारा में एक राष्ट्रीय पक्षी का शव गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया, राष्ट्रीय पक्षी का शव मिलने की सूचना पर भारी मात्रा में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे समाजसेवी नंद लाल और सुनील यादव ने इसकी सूचना पुलिस और पशु चिकित्सा अधिकारी को दी, जिस पर पशु चिकित्सा अधिकारी रवींद्र कुमार दुबे राष्ट्रीय पक्षी के शव को लेकर गए और उसका पोस्टमार्टम किया। राष्ट्रीय पक्षी के शव का पोस्टमार्टम होकर जब वापस शव मिला तो समाजसेवी और ग्रामीणों ने हिंदू रीति रिवाज के साथ शव को जमीन में दफना कर अंतिम संस्कार किया, राष्ट्रीय पक्षी के अंत संस्कार के दौरान ग्रामीणों ने शोक संवेदना भी व्यक्त की।



राष्ट्रीय पक्षी की शव यात्रा निकालते ग्रामीण

## अधिकारियों से संतोषजनक जवाब न मिलने से अझुवा नगर वासियों में आक्रोश

**हनुमान मंदिर में बैठक कर व्यापारियों ने मंत्रालय और सांसद से वार्ता करने की बनाई रणनीति**



बैठक करते अझुवा नगरवासी

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अझुवा में राष्ट्रीय राजमार्ग 4 लेन से 6 लेन के चौड़ीकरण की वजह से जमीन अधिग्रहण करने का प्रस्ताव था उसमें रोड के किनारे बसे लोगों का पूरा का पूरा घर और दुकान जा रहा है जिनका बच रहा है वह बहुत कम है जिसके कारण लोगों को रहने और खाने की समस्या आने की संभावना है लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब ना देने से आक्रोशित नगर के लोगों ने हनुमान मंदिर प्रांगण में व्यापारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई है बैठक में निर्णय लिया गया है कि मंत्रालय और सांसद से इस संबंध में वार्ता की जाएगी। जब से रोड चोडीकरण का प्रस्ताव आया है तब से प्रभावित लोगों की मांग थी कि अझुवा में बाईपास अथवा सिंगल पिलर एलिवेटेड फ्लाईओवर ब्रिज बने। जिसके कारण लोगों का घर और व्यवसाय बचा रहे। अब जब अझुवा में जमीन अधिग्रहण और मुआवजा संबंधित नोटिस मिलने लगी तो लोग संबंधित अधिकारियों से जानना चाह रहे हैं कि अझुवा में किस तरह का फ्लाईओवर ब्रिज बनेगा। इस विषय में पीडी भी बुधवार को अझुवा आए थे। अल्प समय में उन्होंने लोगों से बात किया तो भी उन्होंने इसके विषय में कोई चर्चा नहीं की जिससे नगर वासियों में आक्रोश व्याप्त है। नगर वासियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान नितिन गडकरी द्वारा घोषणा किया गया था कि अझुवा में सिंगल पिलर एलिवेटेड फ्लाईओवर आधुनिक टेक्नोलॉजी के अनुसार बनेगा इस वजह से लोगों में एक आशंका का माहौल हो गया है। इस आशंका को दूर करने के लिए गुरुवार को ब्यापारियों की मीटिंग हुई और फैसला लिया गया कि हम संबंधित मंत्रालय और सांसद से इसके विषय में बात करेंगे। चाहे इसके लिए हम नगर वासियो को दिल्ली ही क्यों ना जाना पड़े।

# घटनाओं की सूचना विलंब से देने पर पिपरी और मंझनपुर कोतवाल को लगी फटकार

**अपराध गोष्ठी आयोजित कर पुलिस अधीक्षक ने भरी हुंकार**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव लगातार अभियान चलाकर पुलिसिया व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं।एसपी बृजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस गोष्ठी में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थानाध्यक्ष मौजूद रहे घटनाओं की सूचना विलंब से देने पर पिपरी और मंझनपुर कोतवाल को फटकार लगाई। एसपी ने समस्त पुलिस कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसके लिए समस्त थाना प्रभारी एवं बीट के समस्त आरक्षी अपने अपने क्षेत्र में निरंतर अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें।एसपी ने समस्त थाना प्रभारियों को जनता के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना तथा क्षेत्र में निरंतर भ्रमण कर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करना एवं लंबित विवेचनाओं का समयबद्धता के साथ निस्तारण करना एवं आगामी चुनाव को लेकर अराजकता फैला रहे लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। एसपी ने अपराध गोष्ठी में अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के संबंध में एआरटीओ एवं खनन अधिकारी को जनपद में निरंतर भ्रमण कर अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया। एसपी ने समस्त प्रभारी निरीक्षको को खनन एवं एआरटीओ के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया।



अपराध गोष्ठी करते पुलिस अधीक्षक

## न्यूज झरोखा

### गौ-आश्रय स्थल में निर्माण की गुणवत्ता अत्यन्त खराब : सीडीओ

**मुख्य विकास अधिकारी ने किया गौआश्रय स्थल के निर्माण का निरीक्षण**



**कौशाम्बी।** डा0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत बिदॉव विकास खण्ड कौशाम्बी में कार्यदायी संस्था सिडको द्वारा निर्मित कराये गये वृहद गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डा0 ए0के0 सेगर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी प्रवीण कुमार खण्ड विकास अधिकारी कौशाम्बी, सहायक अभियन्ता यू0पी0 सिडको जितेन्द्र शुक्ला सहायक विकास अधिकारी पंचायत पंकज कुमार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उक्त वृहद गौशाला में परिसर के चारों तरफ लगाये गये कटीले तार टूटे हुये पाये और जो खम्भे लगाये गये है, उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी। इस सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता यू0पी0 सिडको को निर्देशित किया गया कि वृहद गौशाला के चारों तरफ करायी गयी फ्रेसिंग के कार्य को पुनः गुणवत्तापरक एक सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कोसमइनाम विकास खण्ड कौशाम्बी में निर्मित कराये जा रहे स्थायी गो-आश्रय स्थल का भी निरीक्षण डा0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। उक्त गौ-आश्रय स्थल में निर्माण की गुणवत्ता अत्यन्त ही खराब पायी गयी, जो ईटों में प्रयुक्त की गयी साम्रगी की गुणवत्ता अत्यन्त ही खराब पायी गयी, जिसके सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि उक्त खराब गुणवत्ता को अविलम्ब ठीक कराते हुए अवगत करायें अन्यथा प्रतिकूल रवैया अपनाया जायेगा।

### सीडीओ ने किया अस्थाई गौशाला का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** डा0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड कड़ा के ग्राम पंचायत उचरावा में संचालित अस्थायी गौ-शाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डा0 बाल गोविन्द्र श्रीवास्तव जिला पंचायत राज अधिकारी कौशाम्बी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम सखा ग्राम विकास अधिकारी चन्द्र शेखर ग्राम प्रधान उपस्थित थे। उक्त अस्थायी गौ-शाला में 45 गोवंश संरक्षित है और 02 केयर टेकर रखे गये है। मौके पर भूसा के स्थान पर पुआल खिलाया जा रहा है तथा अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया उन्होंने कहा कि गौशाला में अव्यवस्था आपत्ति का विषय है। साथ ही राम सखा ग्राम विकास अधिकारी से चारागाह की उपलब्ध करायी गयी भूमि में कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में अनभिज्ञता व्यक्त की गयी जिससे प्रतीत होता है उक्त सचिव कार्य के प्रति सजग नहीं है, जो कार्य के प्रति उदासीनता का द्योतक है। इस सम्बन्ध में डा0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि यदि कार्य की प्रगति में सुधार परिलक्षित नहीं पाया गया तो राम सखा ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही प्रचलित की जायेगी साथ ही पशु चिकित्साधिकारी कड़ा को नोटिस निर्गत किये जाने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि उनके द्वारा गौशाला का निरीक्षण क्यों नहीं किया जा रहा है, यदि किया जाता तो ऐसी स्थिति न उत्पन्न होती।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित की गई भाषण प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में गणित परिषद के द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ विनय कुमार सिंह प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय ने किया प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ0 भावना केसरवानी एवं डॉ0 अनिल कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर गणित विभाग के अंकिता ओझा, कोमल चौरसिया रावेन्द्र कुमार यादव, जया त्रिपाठी आयुषी केसरवानी स्वलिया खातून ,नितिन केसरवानी गिरिवंत साहू ,शिवकुमार शर्मा आदि छात्र - छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में आयुषी केसरवानी बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान , अंकिता ओझा बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं कोमल केसरवानी बीएससी तृतीय सेमेस्टर तथा स्वलिया खातून बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ विनय कुमार सिंह ने इस अवसर पर सभी विजेताओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन भारत के महान गणितज्ञ हैं गणित में इनके योगदान के कारण साल 2012 से हर साल इनकी जयंती के दिन 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर गणित परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने कहा कि इन्होंने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किए वरन भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया ये बचपन से ही विलक्षण प्रतिभावान थे इन्होंने खुद से गणित सीखा और अपने जीवनभर में गणित के 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किये जा चुके हैं।




गणित दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

## जन्मदिन पर समाजसेवी ने प्राइमरी के छात्रों के मध्याह्न भोजन हेतु दान की स्टील की थालियां




स्कूली बच्चों को थाली बांटते समाजसेवी

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा के नामित सभासद विजय कुमार पटेल पंडित जी बीज वाले के सुपुत्र अखिलेश कुमार के जन्मदिन पर कंपोजिट विद्यालय प्रथम अझुवा मे विद्यालय के छात्रों की समस्याओं को देखते हुए विद्यालय मे मध्यान्ह भोजन हेतु स्टील की डेढ़ सौ से अधिक थालियां विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मीनाक्षी सिंह को सौंपकर जन्मदिन की खुशियां मनाई गई ।कार्यक्रम मे पूर्व प्रांतीय संघ प्रचारक अविनाश बहादुर सिंह,युवा भाजपा नेता प्रशांत केसरी,नामित सभासद विजय कुमार पटेल चंद्रपाल सिंह,विजय कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार संघ,अखिलेश कुमार,संजीव केसरवानी आदि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन अझुवा के नामित सभासद सौरभ केसरवानी ने किया साथ ही साथ सौरभ ने बताया कि आज से बच्चो को घर से प्लेट थाली लाने की अवस्कता नही पड़ेगी स्कूल मे भोजन हेतु स्टील की थालियां उपलब्ध हो जाने की खुशी बच्चों के चेहरों पर साफ दिखी कि अब उन्हे भोजन हेतु प्रतिदिन अपने-अपने घरों से थाली लेकर विद्यालय नही आना पड़ेगा।

## फटाफट खबरें


### नदी को स्वच्छ रखने को डलवाई मछलियां



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में मन्दाकिनी नदी रामघाट में अंगुलिका, रीवर रैचिंग मछली डाली गई। बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे मौजूद रहे।

गुरुवार को सहायक मत्स्य निदेशक किशन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत नदियों में मछलियां संरक्षण करने का कार्य शुरू हुआ है। ऐसे में मछली नदियों में डाली जा रही है। जो काई आदि को खा जायेंगी, ताकि पानी स्वच्छ रहेगा। रामघाट मन्दाकिनी गंगा में आज 25 हजार मछलियों के बीज छोडे जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एडीएम नमामि गंगे सुनन्दू सुधाकरण, ईओ नगर पालिका रामअचल कुरील, निषाद पार्टी के प्रान्तीय अध्यक्ष कैलाश निषाद, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद, मत्स्य निरीक्षक प्रमोद आदर्श, मत्स्य विकास अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की इस कार्य योजना से मत्स्य संरक्षण होने से नदी में काई, जलीय घास से नदी प्रदूषण मुक्त होगी। मत्स्य आखेट को भी बढावा मिलेगा। मत्स्य विभाग ने ये कार्यक्रम यमुना नदी में महिला घाट, राजापुर में तुलसी घाट आदि स्थानों पर भारी तादाद में मछलियां डलवाई हैं।

### सुनहरा कल के तहत कृषि पदाधिकारियों को कराया भ्रमण




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तहत कृषि पदाधिकारियों को नीति आयोग के आकांक्षी जिले चित्रकूट में मिशन सुनहरा कल एवं पानी संस्थान के सहयोग से तीन विकास खण्डों के चयनित पचास गांवों में भ्रमण कराया जा रहा है। परियोजना के तहत गतिविधियों के प्रचार-प्रसार एवं कृषि विकास के प्रति जागरूकता फैलाने को किसानों को समय-समय पर उन्नत एवं तकनीकी जानकारी दी जा रही है।

गुरुवार को उपकृषि निदेशक राजकुमार ने भ्रमण में हिस्सा लेते हुए गेहूं, चना, मसूर, अरहर, सरसों एवं तालाब की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से कहा कि खेती व फसलों के बारे में आ रही समस्याओं की जानकारी ले सकते हैं। भ्रमण के बाद सभी कृषि पदाधिकारियों ने आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं पानी संस्थान के कार्यों की सराहना की। भ्रमण कार्यक्रम में पानी संस्थान के परियोजना समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह, निर्भय सिंह, विपुल सिंह व कृषि विभाग के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

उपकृषि निदेशक राजकुमार ने कहा कि अन्य गांवों में प्रचार-प्रसार को 18 से 20 दिसम्बर को मऊ, रामनगर, पहाडी, कर्वी एवं मानिकपुर के कृषि पदाधिकारियों ने एक दिवसीय भ्रमण क्षेत्र के भौंरी व नोनार में किया है। यहां भी किसानों को तकनीकी गतिविधियों को देखकर चर्चा की गई है।

### रंगे हाथ चोर पकड़कर दुकानदार ने पुलिस को सौंपा

**कछवांरोड। मिजार्मुराद क्षे**त्र के कछवांरोड़ चौराहा पर मंगलवार की देर रात काउंटर का ताला तोड़ रहे चोर को दुकानदार श्यामजी मोदनवाल ने पकड़कर कछवांरोड पुलिस को सौंपा।साथ में रहा दूसरा साथी कोहरे का लाभ उठा भाग निकला।दुकानदार के अनुसार पूर्व में दो माह के भीतर 4 बार चोर काउंटर का ताला चटका नगदी समेत लगभग 20 हजार की मिठाइयों से भरी किस्ती चुराने ले गये। लगातार चोरी से आजिज मिठाई दुकानदार ने चोर को पकड़ने हेतु काउंटर में मिठाई व सामान रख जलती हुई लाइट को छोड़ मकान की बत्ती बुझा कई दिनों से चोर को रंगे हाथ पकड़ने के चक्कर में पड़े थे की चोर चोरी की नीयत से ताला तोड़ने लगा इसी बीच दुकानदार ने पीछे से उसे पकड़ लिया हल्ला मचा पुलिस को सुचना दी पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया।इस बावत चौकी प्रभारी कछवांरोड अतुल कुमार अंजान ने बताया की एक युवक व कुछ दूर नहर पर खड़ी एक अपाचे बाइक पुलिस के कब्जे में है।पकड़ा गया युवक सत्येंद्र सिंह निवासी बरजी बलमुकुंदपुर मीरजापुर है।पूछताछ की जा रही है।

### फसल अवशेष प्रबंधन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ अधिकारियों को लखनऊ में पुरस्कृत किया जाएगा पुरस्कृत

**मथुरा। जिला कृषि** अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा में पराली जलाना गंभीर समस्या थी और विगत वर्षों में भी देखा गया था कि जनपद, प्रदेश में सर्वाधिक पराली जलाने वाले जनपदों में सम्मलित रहा है। वर्ष 2018 में 1051, वर्ष 2019 में 464, वर्ष 2020 में 161, वर्ष 2021 में 240 घटनायें प्रकाश में आयी थी। गत वर्ष 240 घटनाओं में से 217 घटनाओं में पराली जलाने की पुष्टि हुई थी और जनपद, प्रदेश में सर्वाधिक पराली जलाने वाले जनपदों में दूसरे स्थान पर था, किन्तु वर्तमान वर्ष 2022 में पराली जलाने की मात्र 30 घटनायें प्रकाश में आयी हैं, जिनमें से केवल 10 घटनाओं में ही पराली जलाने की पुष्टि हुई है। दिनांक 30 नवम्बर 2022 की अन्तिम बुलेटिन के अनुसार जनपद संयुक्त रूप से 34 वें स्थान पर था, जिसके फल स्वरूप मथुरा पराली प्रबंधन के कार्य में सर्वश्रेष्ठ जनपद चुना गया है। मा0 भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के अवसर पर दिनांक 23 दिसम्बर 2022 को फसल अवशेष प्रबंधन में उत्कृट कार्य के फलस्वरूप जिलाधिकारी पुलकित खरे को मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम मे सम्मानित किया जायेगा।

# भारी तादाद में हरा गांजा समेत दो को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्य की टीम ने मलखान सिंह पटेल पुत्र रामसिंह निवासी गढवा के कब्जे से नौ किलो तीन सौ ग्राम हरा गांजा व ढाई सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।

गुरुवार को इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा राजीव कुमार सिंह की टीम ने बलबा, जानलेवा हमला व जान से मारने की धमकी के वांछित दीपू सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह, लालू सिंह उर्फ शिवनरेश पुत्र धर्मराज सिंह निवासी महुआ व नदीम खां पुत्र अजीज खां निवासी रसौलीपुर मजरा रायपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

भरतकूप थाना पुलिस ने अभिलाष पुत्र स्व रामसजीवन निवासी मानपुर को दस किलो 180 ग्राम हरा गांजा के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।



पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में श्रीमती राजा देवी पत्नी संतोष आरख निवासी झीलम कर्का पडरिया थाना बहिलपुरवा के प्रार्थना पत्र पर कि उसका पति शराब पीकर मारपीट कर घर से निकाल दिया है। परिवार परामर्श केन्द्र में नियुक्त पुलिस कर्मियों ने दोनों पक्षों को बुलाकर भविष्य में विवाद न करने की सलाह दी। पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन कर तालमेल से रहने की राय दी। दोनों में तालमेल होने पर दम्पति खुशी-खुशी घर चले गये। परिवार परामर्श केन्द्र में समझौता कराने वाली टीम में महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, सुरुचि चैधरी, रक्षा यादव, दीपिका गौर शामिल रहीं।

## कारोबारी साझेदार के हत्यारे को आजीवन कारावास-प्रेम संबंध में रोड़ा बनने पर की थी हत्या

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रेम संबंध में रोड़ा बनने पर कारोबारी साझेदार की हत्या करने वाले को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि पटिया जब्ती गांव के भोला पुत्र शिवधनी यादव ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पुत्र की हत्या की रिपोर्ट पहाड़ी थाने में लिखाई थी। पुलिस को दी तहरीर में भोला ने बताया था कि उसका 24 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार 10 सितंबर 2012 को अपनी मोटरबाइक ठीक कराने पटिया जब्ती से शिवरामपुर गया था। बाइक ठीक कराकर वह देर शाम लौट रहा था। रात आठ बजे बहन से फोन में बताया था कि वह रास्ते मे है और घर आ रहा है। इसके बाद उसका फोन स्विच आफ हो गया। दूसरे दिन 11 सितंबर 2012 को सवेरे दस बजे रमयापुर गांव के बाहर अशोक का शव बरामद हुआ। भोला ने इस मामले में पुरानी रंजिश को आधार बनाते हुए गांव के ही मन्ना रैदास, लल्ला, किशुनिया, रामबाबू, पप्पू और मूरतध्वज के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की विवेचना में यह तथ्य उजागर हुआ कि नामजद लोगों ने हत्या नहीं की है, बल्कि मृतक अशोक के कारोबारी साझेदार मानिकपुर क्षेत्र के सरैंया चैकी के बगइचापुरवा के मूलचंद्र उर्फ मुल्ला पुत्र प्रहलाद यादव ने हत्या की है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, एक ही युवती से प्रेम संबंध होने से मूलचंद्र ने बाइक से घर जा रहे अशोक को रास्ते में रोककर बेरहमी से कत्ल किया था और शव फेंककर भाग गया था। जिसे जंगली जानवरों ने रात में क्षतविक्षत भी कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में मूलचंद्र के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मृतक के पिता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर में नामजद किए गांव के आधा दर्जन आरोपियों को फिर से तलब करा लिया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने निर्णय सुनाया। हत्या के मामले में दोषसिद्ध होने पर मूलचंद्र उर्फ मुल्ला को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इस मामले में अन्य आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया है।

## डबल इंजन की सरकार में महिलाओं का बढा उत्पीड़नः सीमा कटियार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य कार्यकारिणी सचिव का सीमा कटियार ने कहा कि संगठित होकर महिलाओं को अपने अधिकारियों के लिए लडना होगा। तभी पितृसत्तात्मक समाज में महिलायें सुरक्षित रह सकती हैं। डबल इंजन की सरकार में महिलाओं के खिलाफ शोषण, उत्पीडन व दुष्कर्म की घटनायें बढ रही हैं।



गुरुवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव का सीमा कटियार की अगुवाई में रुपाली लाज में हुई बैठक में कहा कि डबल इंजन की सरकार में महिलाओं का शोषण, उत्पीडन व दुष्कर्म की घटनायें बढ गई हैं। ऐसे में महिलाओं को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए पितृसत्तात्मक समाज से लडना होगा। तभी महिलायें सुरक्षित रह सकती हैं। जनवादी महिला समिति की जिला सचिव का पूनम ने कहा कि आज महिलायें घर में सुरक्षित नहीं हैं। घरेलू हिंसा की शिकार हो रही हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ उत्पीडित और परित्यक्तता महिलाओं को नहीं मिल रहा है। उन्हें प्रशासनिक हिंसा का शिकार होना पड रहा है। ऐसे में संगठित होकर कुरीतियों और शोषण-उत्पीडन से लडना होगा।

बैठक में का हसीना बेगम, नूरजहां, कुरैशा खातून, कलावती, मदीना, रामप्यारी, ऊषा, लक्ष्मिनिया, फिरदौस, रानी, सामिया, वन्दना, अनीता, श्यामकली, कमलेशिया, बेसनिया व मिथलेशिया आदि मौजूद रहीं।

## विभिन्न बैंकों ने 1907 लोगों के बीच बांटा 52 करोड का ऋण

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अग्रणी बैंक इंडियन बैंक ने टाउन हाल में मेगा क्रेडिट कैम्प (लोन मेला) का शुभारम्भ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से करवाया। लोन मेला में जिले के सभी बैंकों ने 52 करोड का ऋण 1907 लाभार्थियों को बांटा। ऋण लेने वालों में कृषि, सूक्ष्म लघु उद्योग एवं खुदरा ऋण योजनाओं के तहत आर्यावर्त बैंक ने 17 करोड, इंडियन बैंक ने साढे पांच करोड, स्टेट बैंक ने पांच करोड, बैंक आफ बडौदा ने साढे चार करोड, पंजाब नेशनल बैंक ने चार करोड, इंडियन ओवरसीज बैंक ने एक करोड के ऋण बांटे।




गुरुवार को जिलाधिकारी ने जिले की ऋण जमा अनुपात को 57 फीसदी से 62 फीसदी करने को बैंकों से प्रयास करने को कहा। सीडीओ अमृतपाल कौर ने नीति आयोग के तहत जनधन खाते, मुद्रा लोन, जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना में जिले की राज्य में प्रथम एवं पूरे देश में चैथा स्थान प्राप्त करने पर बैंकर्स को प्रगति कायम रखने के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

लोन मेला में साढे तीन सौ लाभार्थियों ने भाग लिया। जिन्हें ऋण मंजूरी पत्र दिये गये। संचालन अग्रणी जिला प्रबंधन इंडियन बैंक दीपक सिंह ने किया। इस मौके पर एडीएम नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण, रीजिनल मैनेजर आर्यावर्त बैंक, उप अंचल प्रमुख इंडियन बैंक, डीडीएम नाबार्ड, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, महाप्रबंधक उद्योग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी आदि ने विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं एवं रोजगार परक लोन योजना की जानकारी दी।

## डीएम को रैन बसेरा-अलाव की चैकस मिली व्यवस्था



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बीती रात नगर पालिका परिषद कर्वी में संचालित अस्थायी रैन बसेरा बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, ट्राफिक चैराहा, कोठी तालाब व अलाव का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने बुधवार की रात निरीक्षण में रैन बसेरा में अलाव जलता पाये। रैन बसेरा में बिस्तर, गद्दा, रजाई व प्रकाश की सभी व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त मिलीं। मौके पर प्रवासी रैन बसेरा मौजूद मिले। जिलाधिकारी ने मौजूद प्रवासियों से रैन बसेरा के बारे में जानकारी ली। उनके साथ भ्रमण में एडीएम वित्त कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, ईओ रामअचल कुरील आदि अधिकारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने एलएनटी के सिलौटा में चल रहे प्रोजेक्ट वाटर एवं ट्रीटमेन्ट प्लान व इनटेकवेल का औचक निरीक्षण कर कहा कि कनेक्शन जल्द करायें। गांव में पाइप कनेक्शन का कार्य बहुत धीमा है। मैनपावर बढाकर कार्य करें। लक्ष्य की पूर्ति समय से न करने पर जुमार्ना लगाया जायेगा। कार्यों की जिम्मेदारी सभी इंजीनियरों को दें। प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा कर सेक्सन के हिसाब से कार्य का बंटवारा करें। शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण कार्य होने चाहिए। निरीक्षण में एडीएम नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, जल निगम एक्सईएन सुमित कुमार, एलएनटी प्रोजेक्ट के मैनेजर जितेन्द्र कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

### लोगों को न्याय दिलाना सांसद की प्राथमिकताओं में : रणजीत

**सुल्तानपुर। पूर्व केंद्री**य मंत्री और सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी के निर्देश पर प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने इस बुधवार 22 दिसम्बर को भी लंभुआ में जनता दरबार लगाया।इस दौरान लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के कई लोगों ने जनता दरबार में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारित कराया।प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने खुदौली गांव से आई विधवा शान्ति की खतौनी की जमीन जिसे गांव के विपक्षी ने कब्जा कर लिया हो को लेकर एसडीएम वन्दना पाण्डे से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल कब्जा दिलाने के लिए कहा और ग्राम प्रधान सहाबुद्दीन को भी बेवा शान्ति के विवाद के निपटारे की जिम्मेदारी सौपी। इसी क्रम में सफीपुर के दयाराम यादव ने जनता दरबार में बताया कि गांव के कृपाशंकर यादव ग्राम समाज की जमीन कब्जा कर रहे है, इनकी शिकायत पर प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने तत्काल एसडीएम से बात करके राजस्व टीम भेजवाई और अवैध कब्जा रूकवाया।इसी तरह गोपालपुर मधैया के विपिन तिवारी की शिकायत पर कि गांव का पंचायत भवन आबादी से काफी दूर बन रहा है के मामले में डीपीआरओ से बात की और मौका देखकर पंचायत भवन सही स्थान पर बनाने के लिए कहा।ग्राम सैतापुर सराय के राजाराम गुप्ता ने शिकायत की कि एसडीएम के आदेश के बावजूद लेखपाल कब्जा नही दिला रहे है।इस मामले में भी एसडीएम से वार्ता कर राजस्व टीम भेजकर कब्जा दिलाने के लिए कहा। इसी क्रम में रामसागर यादव प्रधान नरहरपुर , कैलाशी देवी प्रधान धरियामऊ एवं वीरेंद्र प्रताप सिंह ने पीडब्लूडी सड़क निर्माण के लिए प्रार्थनापत्र दिया।सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सांसद के निर्देश पर पिछले चार माह से लंभुआ के दियरा रोड पर स्थित सांसद कार्यालय पर प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार लगाया जाता है।सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने आज लंभुआ विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों फरियादियों की शिकायतों को सुना और निस्तारित करने के लिए संबंधित को फोन किया।प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने कहा लोगों को न्याय दिलाना सांसद मेनका संजय गांधी की प्राथमिकताओं में है।आज जनता दरबार में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख कुँवर बहादुर सिंह,भाजपा जिला मंत्री जगदीश चौरसिया,मंडल अध्यक्ष संजय सरोज व प्रवीण सिंह, रतिपाल तिवारी,पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद सिंह,राजेश राज मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य मो. सईद आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में ऊंचा गांव में आयोजित जनचौपाल में आईं समस्याओं का किया गया त्वरित निस्तारण

**उरई(जालौन)। आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड माधौंगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊंचा में जन चौपाल लगा कर आम जनमानस द्वारा की गई शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारण कराया गया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर निदान ही सुशासन सप्ताह का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को तुरंत रुप से मौके पर ही समाधान कराया जा रहा है। इससे एक ओर जहां जन समस्याओं को समाधान किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जनता और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार एक गौरवशाली एवं आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए जनता के अथक प्रयासों में सहायक बनना चाहती है और उम्मीद है कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर आमजन लाभ उठाए और उनकी जन समस्याओं के निस्तारण हेतु तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पात्रता के आधार पर निस्वार्थ लाभ पहुंचाई जाएगी। जिलाधिकारी ने वरासत, दिव्यांग पेंशन, आवास, राशनकार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि के संबंध में जानकारी ली। जन चौपाल के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष व्यक्ति द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा मेरा पट्टा स्वीकृत था जो कि अभी तक कब्जा नही मिला है।

जिलाधिकारी ने त्वरित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल, कानून गो को मौके पर ही निर्देशित किया कि आज ही निरीक्षण कर दो दिवस के अंदर स्वीकृत पट्टा धारक को कब्जा दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि तालाब व सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा धारकों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए यह सुनिश्चित रखें। विद्युत संबंधित शिकायत प्राप्त हुई जिसमें शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि विद्युत पोल पूर्ण रूप से झुका हुआ है कभी भी गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है साथ ही हर महीने बिल जमा करने के बाद भी अधिक बिल आ रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि 2 दिन के अंदर समस्त शिकायतों की समाधान कर दिया जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कहा, नागरिकों को तुरंत जेल से रिहा करे म्यांमार की सेना

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने म्यांमार की सेना से मनमाने तरीके से हिरासत में रखे गए नागरिकों को तुरंत जेल से रिहा करने को कहा है। सुरक्षा परिषद में इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ है, जिसमें म्यांमार की प्रमुख नेता आंग सान सू की और पूर्व राष्ट्रपति विन माइंट को छोड़ने की बात भी कही गयी है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता इस महीने भारत के पास है। भारत के अध्यक्षीय कार्यकाल में ब्रिटेन ने म्यांमार को लेकर यह प्रस्ताव पेश किया। म्यांमार में जारी मानवाधिकार संकट को लेकर आए इस पहले प्रस्ताव में मांग की गई कि म्यांमार की सेना मनमाने तरीके से हिरासत में रखे गए नागरिकों को तुरंत छोड़े। प्रस्ताव में म्यांमार की प्रमुख नेता आंग सान सू की और पूर्व राष्ट्रपति विन माइंट को भी मुक्त करने की बात कही गयी है। इस प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान कराया गया, जिसमें 12 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष



में मतदान किया। इन सदस्यों ने म्यांमार से तुरंत हिंसा रोकने और हिरासत में रखे गए लोगों को छोड़ने की मांग की। वहीं तीन सदस्य रूस, चीन और भारत इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहे। संयुक्त राष्ट्र संघ में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा कि यह प्रस्ताव म्यांमार में रक्तपात रोकने की दिशा में बढ़ाया गया जरूरी कदम है।

हालांकि, इसे लेकर अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। उधर, चीन के राजदूत झांग जुन ने कहा कि म्यांमार के मुद्दे पर कोई भी हल तात्कालिक नहीं है। उल्लेखनीय है कि म्यांमार में पिछले वर्ष फरवरी में सेना ने निर्वाचित प्रतिनिधियों का तख्तापलट कर सत्ता खुद संभाल ली थी। फिलहाल सैनिक शासक जनरल मिन आंग हलायंग म्यांमार के राष्ट्राध्यक्ष हैं। तख्तापलट के बाद अमेरिका और पश्चिमी देशों ने म्यांमार पर कई प्रतिबंध लगाए थे।

इसके पहले भी 1990 के दशक में जब सेना ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को जेल में डाल कर सत्ता पर कब्जा जमाया, तब 20 वर्षों तक अमेरिका ने म्यांमार के लिए राजदूत की नियुक्ति नहीं की थी। 2010 में जब म्यांमार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल की गई, तब अमेरिका ने वहां अपना राजदूत भेजा था।

# डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने फिर कहा- कोविड आंकड़ों को साझा करे चीन

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना से जुड़े आंकड़ों को लेकर चिंता जाहिर की है। इसके लिए डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने बुधवार को एक बार फिर चीन से कोरोना महामारी की उत्पत्ति को बेहतर ढंग से समझने के लिए संबंधित आंकड़ों को साझा करने को कहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख घेब्रेयसस ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कोविड-19 के बाद की स्थिति की हमारी समझ से परे है और हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि संक्रमण के दीर्घकालिक परिणामों से पीड़ित लोगों का इलाज कैसे किया जाए। आगे कहा कि इस महामारी की शुरुआत कैसे हुई, इस बारे में बारे में समझने के लिए सही डेटा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमने चीन से आंकड़ों को साझा




करने का अनुरोध किया है। साथ ही टेड्रोस ने कोरोना जैसी गंभीर बीमारी की बढ़ती रिपोर्ट के साथ चीन में विकसित होती स्थिति के बारे में भी चिंता व्यक्त की।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि जमीन पर स्थिति का व्यापक जोखिम मूल्यांकन करने के लिए, डब्ल्यूएचओ को रोग की गंभीरता, अस्पताल में भर्ती और गहन देखभाल इकाइयों के समर्थन की आवश्यकताओं के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी की आवश्यकता है।

दरअसल, कोरोना का पहला मामला चीन के वुहान में मिला था। विशेषज्ञों ने वायरस की उत्पत्ति पर दो प्रमुख सिद्धांतों को सामने रखा है। पहला सिद्धांत यह है कि सार्स-कोव-2 एक प्राकृतिक जेनोटिक स्पिलओवर का परिणाम है। दूसरा सिद्धांत यह है कि वायरस ने एक शोध से संबंधित घटना के परिणामस्वरूप मनुष्यों को संक्रमित किया। सार्स-कोव-2 एक श्वसन रोगजनक के रूप में उभरा है, जो मानव से मानव में फैलता है।

# दुनिया देख रही है! तालिबानी फरमान पर बोले ऋषि सुनक, बेटियों के पिता के रूप नहीं कर सकता ऐसे विश्व की कल्पना

**संयुक्त राष्ट्र।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तालिबान को चेतावनी दी है कि अफगानिस्तान में महिलाओं के विश्वविद्यालय जाने पर प्रतिबंध लगाने के कदम को दुनिया देख रही है। काबुल में तालिबान सुरक्षा बल महिलाओं को विश्वविद्यालयों में प्रवेश करने से रोक रहे हैं, समूह ने देश भर के सार्वजनिक और निजी विश्वविद्यालयों को अगली सूचना तक महिला छात्रों तक पहुंच को तुरंत निलंबित करने का निर्देश दिया। निर्णय तालिबान के नेतृत्व वाले प्रशासन के मंत्रिमंडल द्वारा किया गया था, लेकिन इसने कोई कारण नहीं बताया है और अभी तक वैश्विक निंदा पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

दो बेटियों के पिता सुनक ने अपनी आलोचना ट्वीट के जरिए जाहिर की है। सुनक ने कहा कि ÷बेटियों के पिता के रूप में, मैं ऐसी दुनिया की कल्पना नहीं कर सकता जिसमें उन्हें शिक्षा से वंचित रखा जाए।

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की महिलाओं के पास देश को देने के लिए बहुत कुछ है। उन्हें विश्वविद्यालय में प्रवेश से वंचित करना एक गंभीर कदम है। दुनिया देख रही है। हम तालिबान को उनके कार्यों से



आंकेंगे। तालिबान ने शुरू में एक अधिक उदार शासन का वादा किया था जो महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का सम्मान करेगा।

लेकिन पिछले साल अगस्त में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से, समूह ने इस्लामी - या शरिया - कानून की अपनी व्याख्या को व्यापक रूप से लागू किया है। अफगानिस्तान में तालिबानी हुकूमत को सत्ता संभालते हुए साल भर से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है। वहां के हालात लगातार सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन अफगानिस्तान में तालिबानी फरमान जारी होते रहते हैं। इसी कड़ी में नए आदेश के तहत अफगानी लड़कियों के विश्वविद्यालय शिक्षा पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि तालिबान औरतों और लड़कियों की आजादी पर हमेशा से रोक लगाता रहा है। लेकिन अब उसके एक और फैसले ने लड़कियों के सपनों को तोड़ने का काम किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उच्च शिक्षा मंत्री के एक पत्र के अनुसार तालिबान ने अफगानिस्तान में युवतियों और महिलाओं के लिए संचालित विश्वविद्यालयों को बंद करने का ऐलान किया है।

## म्यांमा से संबंधित प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहे भारत, चीन, रूस

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत, चीन और रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहे, जिसमें म्यांमा में तत्काल हिंसा खत्म करने और देश की प्रमुख नेता आंग सान सू ची समेत अन्य राजनीतिक कैदियों को रिहा करने का अनुरोध किया गया है।



भारत की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में हुए मतदान के दौरान 12 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जबकि भारत, चीन और रूस वोटिंग से दूर रहे। यह बीते 74 साल में सुरक्षा परिषद में म्यांमा के संबंध में पारित पहला प्रस्ताव है।इससे पहले, वर्ष 1948 में बर्मा के नाम से जाने जाने वाले म्यांमा से जुड़ा एक प्रस्ताव पारित किया गया था। उस प्रस्ताव में बर्मा को संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता प्रदान करने के संबंध में अनुशंसा की गई थी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत का मानना ??है कि म्यांमा की जटिल स्थिति के संबंध में 'शांत और धैर्यपूर्ण कूटनीति' का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि स्थायी शांति, स्थिरता, प्रगति और लोकतांत्रिक शासन के मार्ग में बाधा डालने वाले लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को किसी भी अन्य तरीके से हल करने में मदद नहीं मिलेगी। कंबोज ने कहा, ÷मौजूदा परिस्थितियों में, हमारा मानना ??है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव संबंधित पक्षों को एक समावेशी राजनीतिक संवाद को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाय उन्हें जटिल स्थिति में डाल सकता है।

## चीन के साथ तनाव के बीच अमेरिका और भारत के सैन्य प्रमुखों के बीच अहम बातचीत, इन मुद्दों पर हुई चर्चा

**वाशिंगटन।** सीमा पर भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क ए माइली और उनके भारतीय समकक्ष भारतीय रक्षा बल के प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने एक दूसरे से कॉल पर बातचीत की। इस दौरान दोनों सैन्य नेताओं ने एक दूसरे से क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा माहौल के आकलन साझा किए और द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। ज्वाइंट स्टाफ के उप प्रवक्ता जोसेफ आर. होलस्टेड ने कॉल के रीडआउट में यह बात कही।



## भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता का छठा दौर संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के लिए छठे दौर की बातचीत संपन्न हो गई है। ब्रिटिश सरकार के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग (डीआईटी) ने यह जानकारी दी है। ब्रिटेन के डीआईटी ने गुरुवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि एफटीए पर बातचीत का छठा दौर 16 दिसंबर को संपन्न हो गया। इस वार्ता के तहत 28 अलग-अलग सत्रों में 11 नीतिगत क्षेत्रों पर विस्तृत मसौदा संधि पर चर्चा हुई। ब्रिटेन के डीआईटी के एक संयुक्त बयान के मुताबिक ब्रिटेन के व्यापार मंत्री केमी बडेनोच और भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के द्वारा 12 दिसंबर को शुरू बातचीत का ताजा दौर पिछले हफ्ते 16 दिसंबर को समाप्त हुआ। डीआईटी ने कहा कि अब एफटीए पर सातवें दौर की वार्ता 2023 की शुरूआत में ब्रिटेन में होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार सचिव सुश्री केमी बडेनोच के साथ राजधानी नई दिल्ली में 12 दिसंबर को मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# वाशिंगटन में बाइडेन से मिले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की, रूस से लड़ने के लिए मांगी मदद

**वाशिंगटन/कीव। यूक्रेन के** राष्ट्रपति वालोदिमीर ज़ेलेंस्की अमेरिका यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। इस मुलाकात में जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की मदद के लिए बाइडेन को धन्यवाद दिया और उन्हें असली हीरो बताया। रूस से लड़ने के लिए अमेरिका ने यूक्रेन को 1.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए सैन्य सहायता पैकेज की भी घोषणा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की विशेष विमान से अमेरिका पहुंचे। वाशिंगटन में अमेरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी ने जेलेंस्की का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद व्हाइट आऊस में ओवल हाऊस में दोनों राष्ट्रपतियों की वार्ता शुरू हुई। जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के विनाशकारी आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन को धन्यवाद देते हैं।

वार्ता के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्वीपक्षीय संबंधों के अलावा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद वहां के बेहद खराब हालात और मानवीय हालात पर चर्चा हुई। इस अवसर पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को यूक्रेनी सैन्य अधिकारी का एक पदक भेंट किया। जेलेंस्की ने मदद के अमेरिकी कांग्रेस और नागरिकों को उनके समर्थन के लिए सभी यूक्रेनी नागरिकों की तरफ से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यह विश्वास करना मुश्किल है, इस 300 दिनों के दौरान पुतिन ने एक राष्ट्र के रूप में यूक्रेन के अधिकारों पर क्रूर



हमला किया है, जिसमें निर्दोष यूक्रेनी लोगों को सिर्फ डराने के लिए यह हमला किया गया है।

इससे पहले ज़ेलेंस्की के राजनीतिक सलाहकार माईखाइलो पोडोलीक ने कहा था कि राष्ट्रपति की यात्रा, 300 दिन पहले रूस द्वारा आक्रमण करने के बाद से उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कीव और वाशिंगटन के बीच गहरे विश्वास को यह यात्रा दिखाती है और उन्हें यह पता है कि कीव को किन हथियारों की आवश्यकता है। यात्रा से पहले डोलीक ने कहा है कि हमें मिसाइल डिफेंस सिस्टम के साथ ही लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें चाहिए जिनसे हम रूसी सेना को जवाब दे सकें। वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जान किर्बी के अनुसार बाइडन और जेलेंस्की की वार्ता में कूटनीति और सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने का मुद्दा प्रमुख होगा। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा था कि मैं यूक्रेन के लचीलेपन और रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए बातचीत की एक श्रृंखला आयोजित करूंगा। उन्होंने कहा कि अगले साल हमें यूक्रेन का झंडा और हमारी पूरी जमीन, हमारे सभी लोगों को आजादी चाहिए।

**रूस ने अपनी सेनाओं को बढ़ाने का दिया निर्देश**

जेलेंस्की की अमेरिका की यात्रा के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2022 में देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्च सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में सैनिक नायक की तरह लड़ रहे हैं। उन्हें और ज्यादा आधुनिक हथियार दिए जाएंगे। उनसे वे यूक्रेन में रूस के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। पुतिन ने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू को सेनाओं के आकार में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का भी निर्देश दिया। अब रूसी थलसेना में सक्रिय सैनिकों की संख्या बढ़ाकर 15 लाख की जाएगी। पुतिन ने युद्ध क्षेत्र में सरमट की तैनाती करने का ऐलान किया। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि उसे कीव के साथ शांति वार्ता की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहाकि यूक्रेन को पश्चिमी देशों से हथियारों की सप्लाई जारी रहने से संघर्ष 'गहरा' होगा।

# पाकिस्तानः पेशावर में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला, वजीरिस्तान में थाना लूटा

**पेशावर।** पाकिस्तान में आतंकी हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवाद निरोधी केंद्र पर कब्जे से बमुश्किल निपट सकी पाकिस्तान सरकार को अब पुलिस थाना व चौकी पर हमलों का सामना करना पड़ रहा है। पेशावर में एक पुलिस चौकी पर आतंकियों ने हमला कर दिया तो वजीरिस्तान में थाना लूट ले गए।

आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों ने तीन दिन पूर्व पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में आतंकवाद विरोधी केंद्र पर कब्जा कर लिया था। इस केंद्र को तालिबानी आतंकियों के कब्जे से मुक्त कराने में पाकिस्तानी सेना के पसीने छूट गए। दो दिन चली कोशिशों के बाद पाकिस्तानी सेना ने आतंकवाद विरोधी केंद्र पर कब्जा करने वाले 33 आतंकियों को मार गिराया था। इस दौरान पाकिस्तानी सेना के दो कमांडो को




जान गंवानी पड़ी और कई जवान घायल हो गए थे। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में अपने 33 साथियों की मौत के बाद टीटीपी आतंकी अत्यधिक हमलावर हो गए हैं। पाकिस्तान के पेशावर में बुधवार तड़के एक पुलिस चौकी पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तोपों से लैस आतंकवादियों ने पेशावर के अचिनी इलाके में पुलिस चौकी पर हमला किया। अधिकारी ने दावा किया हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है और पुलिस की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी मौके से फरार हो गए। इससे पहले पचास आतंकवादियों के समूह ने दक्षिण वजीरिस्तान के वाना में पुलिस थाने पर धावा बोल दिया। ये लोग पूरा थाना लूट ले गए। इन आतंकियों ने थाने में मौजूद गोला-बारूद और हथियार लूट लिए। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हुआ था। बाकी आतंकी भागने में सफल रहे। इसी तरह दक्षिण वजीरिस्तान जिले की सीमा से सटे लाकी मरवत में बरगई पुलिस थाने पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में चार पुलिसकर्मियों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। टीटीपी के पुलिस थानों पर हमलों के बाद पूरे प्रांत में पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रांत में स्थिति की निगरानी की जा रही है। पुलिस पर इस तरह के हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। फिलहाल पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

# नेपाल की जेल में बंद सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज की 19 साल होगी रिहाई

**- कोर्ट ने 15 दिन में देश छोड़ने के दिए आदेश**

**काठमांडू।** नेपाल की जेल में बंद दुनिया के सबसे खतरनाक सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज को नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य के आधार पर 19 साल बाद जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इसके साथ ही फ्रेंच सीरियल किलर शोभराज को रिहाई के 15 दिन के भीतर नेपाल छोड़ने का भी आदेश दिया है। दरअसल, चार्ल्स दो अमेरिकी पर्यटकों की हत्या के आरोप में साल 2003 से नेपाल की जेल में कैद है। वह 1976 से 1997 तक भारतीय जेल में भी सजा काट चुका है। नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने 'बिकनी किलर' के नाम से कुख्यात फ्रांसीसी 'सीरियल किलर' चार्ल्स शोभराज को उसकी सेहत के आधार पर रिहा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सपना प्रधान मल्ला और न्यायमूर्ति तिलक प्रसाद श्रेष्ठ की संयुक्त पीठ ने 78 वर्षीय शोभराज को जेल से रिहा करने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने शोभराज की उस याचिका पर फैसला सुनाया, जिसमें उसने दावा किया है कि वह उस जुर्म के लिए निर्धारित अवधि से अधिक का समय जेल में बिता चुका है।

शोभराज ने दावा किया कि वह 20 साल की सजा में से 17 साल पहले ही जेल में बिता चुका है और अच्छे चाल-चलन के कारण उसे रिहा करने की सिफारिश पहले ही की जा चुकी है। शोभराज को अगस्त, 2003 में काठमांडू के एक 'कसीनो' से पकड़ा था। भक्तपुर की जिला अदालत ने वर्ष 1975 में एक कनाडाई नागरिक लौरेंट कैरिएरे और एक अमेरिकी नागरिक कोनी जो ब्रोंजिच की हत्या के लिए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# चीन ने ताइवान की ओर 39 लड़ाकू विमान और तीन पोत भेजे

**ताइपे।** चीन की सेना ने शक्ति प्रदर्शन के तहत 24 घंटे के अंदर 39 लड़ाकू विमान और तीन पोत ताइवान की ओर भेजे हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चीन स्वशासित ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है। चीन ने हाल के वर्षों में ताइवान को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है। चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने लगभग रोजाना ही ताइवान की ओर विमान व पोत भेजे हैं। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार सुबह छह बजे से बृहस्पतिवार सुबह छह बजे के बीच 30 चीनी विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य सीमा को पार किया, जो चीन और ताइवान को अलग करती है।



मंत्रालय ने बताया कि इन विमानों ने ताइवान के दक्षिण-पश्चिम की तरफ उड़ान भरी और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर चले गए। इन लड़ाकू विमानों में 21 जे-16 लड़ाकू विमान, चार एच-6 बमवर्षक विमान और दो अन्य विमान शामिल थे।

# नेतन्याहू ने राष्ट्रपति को देश में अगली सरकार बनाने की जानकारी दी

**यरुशलम।** इज़राइल के निर्वाचित प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि वह अगली सरकार बनाने जा रहे हैं जो ''इज़राइल के सभी नागरिकों के कल्याण के लिए काम करेगी।'' नेतन्याहू (73) ने आधी रात की समय सीमा से कुछ मिनट पहले यह घोषणा की।

नेतन्याहू ने देर रात राष्ट्रपति इसाक हर्जोग को सूचित किया कि वह देश में नई सरकार का गठन करेंगे। शपथ ग्रहण दो जनवरी तक होगा। नवंबर में राष्ट्रपति हर्जोग ने आधिकारिक रूप से नेतन्याहू को नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था, जिन्हें 'नेसेट' (इज़राइल की संसद) के 64 सदस्यों का समर्थन हासिल है। नेतन्याहू ने इज़राइल में प्रधानमंत्री पद पर सबसे अधिक समय तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने हर्जोग को फोन कर सूचित किया कि वह ''पिछले चुनाव में लोगों से मिले भारी जनसमर्थन की बदौलत'' अगली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं जो ''इज़राइल के सभी नागरिकों के कल्याण के लिए काम करेगी।'' राष्ट्रपति ने उन्हें शुरू में सरकार गठन के लिए 28 दिन का समय दिया था, जिसे बाद में 10 दिन और बढ़ा दिया गया था। नेतन्याहू ने 10 दिन की इस अवधि के खत्म होने से कुछ देर पहले सरकार बनाने की घोषणा की।नयी सरकार के पास 120 सदस्यीय 'नेसेट' (संसद) में 64 सदस्यों का समर्थन हासिल होगा, जो सभी दक्षिणपंथी धड़े से आते हैं।